

दो बजे दोपहर

मुंबई, नवी मुंबई, ठाणे, पालघर, रायगढ़, नासिक, पुणे से एक साथ प्रकाशित

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है



# पूजा खेडकर अब IAS अफसर नहीं रही

## UPSC ने सिलेक्शन किया रद्द

## कोई एग्जाम भी नहीं दे पाएंगी पूजा

**अमित बृज । नई दिल्ली/मुंबई**

ट्रेनी IAS पूजा खेडकर अब अफसर नहीं रहेंगी। UPSC ने बुधवार 31 जुलाई को उनका सिलेक्शन रद्द कर दिया और कहा कि वह भविष्य में UPSC का कोई एग्जाम नहीं दे पाएंगी। पूजा पर उम्र, माता-पिता की गलत जानकारी, पहचान बदलकर तय सीमा से ज्यादा बार सिविल सर्विसेस का एग्जाम देने का आरोप था। UPSC ने दस्तावेजों की जांच के बाद पूजा को सीएसई-2022 नियमों के उल्लंघन का दोषी पाया। पूजा को एग्जाम में 2022 में 841वीं रैंक मिली थी। वे 2023 बैच की ट्रेनी IAS हैं। जून 2024 से ट्रेनिंग कर रही थीं।




### ▸▸ UPSC ने बताया- पूजा को 2 बार समय दिया, लेकिन उन्होंने जवाब नहीं दिया

#### पूजा ने रूल्स तोड़े




UPSC ने बताया कि पहचान बदलकर तय सीमा से ज्यादा बार सिविल सर्विसेस का एग्जाम देने के लिए 18 जुलाई को कारण बताओ नोटिस (एससीएन) जारी किया गया था। इसमें कहा गया है कि पूजा को 25 जुलाई तक अपना जवाब देना था, लेकिन उन्होंने अपने जवाब के लिए जरूरी दस्तावेज जुटाने के लिए 4 अगस्त तक का समय मांगा। आयोग ने कहा, उन्हें फिर 30 जुलाई को दोपहर 3 :30 बजे तक समय दिया, लेकिन उन्होंने जवाब नहीं दिया।

### 15,000 डेटा की जांच की, यह पता नहीं चला कि पूजा ने कितने अटेम्प्ट्स दिए

खेडकर के केस के चलते UPSC ने 2009 से 2023 तक 15,000 से अधिक रिकमेंड किए गए उम्मीदवारों के डेटा की जांच की। इसमें पाया गया कि उनके अलावा किसी अन्य उम्मीदवार ने CSE नियमों के तहत तय अटेम्प्ट से ज्यादा अटेम्प्ट नहीं दिए थे। मिस पूजा मनोरमा दिलीप खेडकर का मामला एकमात्र था। उन्होंने कई बार न केवल अपना नाम बल्कि अपने माता-पिता का नाम भी बदलकर परीक्षा दी थी, इसलिए UPSC की स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसिजर (SOP) उनके अटेम्प्ट्स की संख्या का पता नहीं लगा सकी। UPSC अपनी SOP को और मजबूत करने की प्रक्रिया में है ताकि भविष्य में ऐसे मामले दोबारा न हों।

# डॉक्टर को ठगने चला था दसवीं फेल

## चंडीगढ़ से 1 महिला सहित 2 जालसाज पकड़े गए

**धीरज सिंह । मुंबई**



सातवीं, आठवीं और दसवीं फेल लोग कैसे उच्च शिक्षा प्राप्त पढ़े-लिखे लोगों को वेबकूफ बनाकर उन्हें आनलाइन फ्रॉड का शिकार बना रहे हैं, इसका ताजा उदाहरण मुंबई पुलिस की साइबर सेल के पश्चिम क्षेत्र के तहत दर्ज एक केस में देखने को मिला है। साइबर पुलिस से जुड़े सूत्रों ने बताया कि पिछले दिनों एक डॉक्टर से कथित तौर पर 15 लाख रुपए की आनलाइन धोखाधड़ी करने का केस दर्ज किया गया था। इस केस की जांच में उन्होंने के चंडीगढ़ से एक महिला सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया था, जिनमें से एक भी आरोपी दसवीं पास नहीं है। लेकीन, वे लोगों को अपनी बुद्धि बल का इस्तेमाल कर आनलाइन तरीके से उच्च शिक्षा प्राप्त लोगों के साथ फ्रॉड कर रहे हैं। हालांकि, यह गैरकानूनी हैं लेकिन पढ़े लिखे लोगों का इन कम पढ़े लिखे लोगों की बातों में आकर इनके द्वारा ठगी का शिकार बन जाने से चिंतित हैं। चंडीगढ़ से गिरफ्तार आरोपियों की पहचान 36 वर्षीय किरण सीताराम और 25 वर्षीय विशाल मोंटू के रूप में हुई है। इनसे पूछताछ जारी है।

### मनी लांड्रिंग केस में फंसाने का दावा

पुलिस ने बताया कि इन आरोपियों में से एक आरोपी ने खुद को दूरसंचार विभाग का अधिकारी बताया और पीड़ित डॉक्टर से कहा कि उसका आधार कार्ड और पैन कार्ड दिल्ली पुलिस के पास है, जिसका उनके आफिस में लेटर आया था कि उक्त एड्रेस वाले व्यक्ति मनी लॉन्ड्रिंग के आपराध में शामिल है। इसलिए हम आपकी मोबाइल सेवाएं निलंबित करने जा रहे हैं। इसके साथ ही फोन काट दिया।

### गैर-जमानती वारंट जारी कर गिरफ्तारी की धमकी

इसके कुछ ही देर बाद एक और व्यक्ति का पुलिस की वर्दी में स्काइप के जरिए विडियो कॉल आया। उसने भी खुद को पुलिस अधिकारी बताया और कहा कि उसके खिलाफ दूर संचार कंपनी ने शिकायत दी है। इसलिए उसके खिलाफ़ केस दर्ज की जा रही है और उसके नाम पर गैर-जमानती वारंट भी जारी किया जा रहा है।

# 'मैं सारे सांसदों के साथ PM मोदी को दूंगा समर्थन...'

## मराठा-ओबीसी आरक्षण के मुद्दे पर उद्धव ठाकरे ने खेला बड़ा दांव

**एन. के. पुरोहित । मुंबई**

महाराष्ट्र में विधानसभा चुनावों की सरगर्मी के बीच शिव सेना यूबीटी चीफ उद्धव ठाकरे ने बड़ा दांव खेल दिया है। उद्धव ठाकरे ने कहा है कि अगर पीएम मोदी मराठा और धनगर समाज के आरक्षण का हल निकलते हैं तो उनकी पार्टी के सभी सांसद पीएम मोदी के कदम का समर्थन करेंगे। उद्धव ठाकरे ने कहा कि पीएम मोदी ही आरक्षण की अधिकतम सीमा 50 फीसदी को बढ़ा सकते हैं। पिछले दिनों अजित पवार की अगुवाई वाली एनसीपी के नेता छगन भुजबल ने इसी मुद्दे पर शरद पवार से हस्तक्षेप करने की मांग की थी। इसके बाद शरद पवार राज्य के सीएम एकनाथ शिंदे से भी मिले थे। दोनों के बीच बैठक काफी लंबी चली थी। राज्य में आरक्षण के मुद्दे पर मराठा और ओबीसी आमने-सामने हैं।

### पीएम के पाले में डाली गेंद



उद्धव ठाकरे यह दांव मातोश्री में मराठा आरक्षण आंदोलन से जुड़े कार्यकर्ताओं से मुलाकात के बाद कही। मराठा आरक्षण की मांग कर रहे कार्यकर्ता उद्धव ठाकरे से इस मुद्दे पर अपना स्टैंड साफ करने को कह रहे थे। इसके लिए उन्होंने मात्रोश्री के बाहर प्रोटेस्ट रखा था। महायुति के घटक दल भी इस मुद्दे को लेकर उद्धव ठाकरे पर हमला बोल रहे थे। अब उद्धव ठाकरे ने मराठा आरक्षण के मुद्दे पर गेंद पीएम मोदी के पाले में डाल दी है।उद्धव ठाकरे ने यह दांव ऐसे वक्त पर चला है जब राज्य में आरक्षण के मुद्दे पर मराठा ओबीसी संगठन आमने सामने हैं। उद्धव ठाकरे ने समाधान निकलने पर समर्थन का ऐलान कर दिया है।

### मातोश्री में बुलाकर मिले उद्धव

उद्धव ठाकरे ने मराठा क्रांति ठोक मोर्चा (Maratha Kranti Thok Morcha) के कार्यकर्ताओं को मातोश्री बुलाकर बात की थी। ठाकरे ने प्रतिनिधिमंडल के कहा कि केंद्र सरकार ही आरक्षण पर 50 फीसदी की सीमा बढ़ा सकती है। प्रधानमंत्री मोदी को मराठों-ओबीसी और धनगर आरक्षण के लिए कोई समाधान निकालने दीजिए। हम सभी को स्वीकार्य निर्णय का समर्थन करेंगे और हमारी पार्टी के सांसद उन प्रस्तावों के समर्थन में मतदान करेंगे। ठाकरे ने मराठा कार्यकर्ताओं से महायुति सरकार की घृणा की राजनीति के आगे न झुकने का भी आग्रह किया और आरोप लगाया कि राज्य सरकार राजनीतिक लाभ के लिए मराठों और ओबीसी के बीच दरार पैदा करने की कोशिश कर रही है। शिवसेना (यूबीटी) के नेताओं ने आरोप लगाया कि बीजेपी ने मातोश्री के बाहर विरोध प्रदर्शन को प्रायोजित किया है।

### जारांगे बनाम लक्ष्मण हेक

महाराष्ट्र में अक्टूबर में विधानसभा चुनाव प्रस्तावित हैं। सत्तारूढ़ महायुति सरकार मराठा कार्यकर्ता मनोज जारांगे-पाटिल के दबाव में है। वे अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) कोटा के तहत मराठों के लिए आरक्षण की मांग को लेकर कई विरोध प्रदर्शन और भूख हड़ताल कर चुके हैं। ओबीसी कार्यकर्ता लक्ष्मण हेक और नवनाथ वाघमारे ने समुदाय के कोटा को कम करने के खिलाफ विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व किया था। वे भी एक बार भूख हड़ताल पर बैठ चुके हैं।

▸ पेज 3 भी देखें

**न्यूज़ ब्रीफ**

### राज्य सभा में बीजेपी सांसद ने गिफ्ट सिटी पर पूछा सवाल

**मुंबई।** गुजरात के गांधीनगर में स्थित गिफ्ट सिटी (Gift City) की बुधवार को राज्यसभा में चर्चा हुई। महाराष्ट्र से बीजेपी के राज्य सभा सांसद अनिल सुखदेव राव बोंडे सरकार से पूछा कि गुजरात की गिफ्ट सिटी के बैंक कितने कमाऊ हैं? उन्होंने पूछा कि अनिल सुखदेव राव बोंडे ने पूछा कि पीएम की प्रेरणा से बनी गिफ्ट सिटी में बैंक कैसे काम करते है, कितना कमाते हैं, अगर कमाते हैं तो महाराष्ट्र में खोले जाएं।मांग की अगर ये बैंक अच्छा कर रहे हैं तो इन्हें महाराष्ट्र में भी खोला जाना चाहिए। बोंडे के सवाल का राज्यसभा में वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने जवाब दिया। पिछले साल राज्य सरकार ने गिफ्ट सिटी से शराबबंदी शर्तों के साथ हटाई थी। गिफ्ट सिटी के विकास के लिए गुजरात सरकार पिछले कई सालों से विशेष कोशिशें भी कर रही है। गिफ्ट सिटी का पूरा नाम गुजरात इंटरनेशनल फाइनेंस टेक सिटी है। केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने कहा कि 21 मार्च 2024 तक गिफ्ट सिटी के बैंकों को 1250 करोड़ का शुद्ध लाभ हुआ है। उन्होंने बताया कि गिफ्ट सिटी के बैंकों ने 1 लाख 80 हजार करोड़ का कारोबार किया। केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री ने कहा कि अभी गिफ्ट सिटी में कुल 6 बैंक संचालित हैं। इनमें बैंक ऑफ इंडिया, बैंक ऑफ बड़ौदा, केनरा बैंक, इंडिया बैंक, SBI और पीएनबी शामिल हैं। गिफ्ट सिटी को वैश्विक फिनटेक हब बनाने के मकसद से पिछले साल के अंत में राज्य सरकार ने यहां शराब पीने की छूट भी दी थी। शराबबंदी वाले राज्य में सरकार ने परमिट के साथ शराब बिक्री और सेवन को स्वीकृति दी है। गिफ्ट सिटी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के हिसाब से बनाई गई है।

### मनोज जरांगे ने दी चेतावनी

**मुंबई।** महाराष्ट्र में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। इस बीच मराठा नेता मनोज जरांगे ने सरकार और विपक्ष दोनों की आलोचना की। उन्होने कहा कि महायुति सरकार हो या फिर महाविकास अघाड़ी दोनों ही दल मराठाओं की मांगों पर ध्यान नहीं दे रहा है। दोनों ही संगठन मराठाओं को आरक्षण नहीं देना चाहता है। विधानसभा चुनाव में मराठा इसका जवाब देंगे। जरांगे का कहना है कि भाजपा बहुत चालाक है तो वहीं विपक्षी नेता उनकी मांगों का समर्थन नहीं कर रहे। दोनों ही दल मराठाओं का वोट लेते थे। हम अब चुनाव में दोनों दलों को देख लेंगे। जरांगे ने शरद पवार के एक बयान का भी जवाब दिया। उन्होंने कहा कि एनसीपी नेता छगन भुजबल के काम के कारण अशांति फैल सकती है। पवार क्यों ओबीसी कोटे से मराठाओं को शिक्षा-नौकरी में आरक्षण नहीं देते। पवार को मराठाओं की मांग उठानी चाहिए। बता दें, शरद ने हाल ही में कहा था कि महाराष्ट्र में मणिपुर जैसी गड़बड़ी की संभावना है।

# अरुण गवली को लगा बड़ा झटका

## सुप्रीम कोर्ट ने पैरोल देने से किया इनकार

**दोपहर संवाददाता । मुंबई**

सुप्रीम कोर्ट ने गैंगस्टर से नेता बने अरुण गवली को पैरोल पर छुट्टी देने से इनकार कर दिया है। गवली हत्या के एक मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहा है। कुछ दिन पहले बॉम्बे हाई कोर्ट ने गवली को पैरोल पर छुट्टी दे दी थी। हालांकि, हाई कोर्ट के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई थी। इस याचिका पर सुनवाई करते हुए अदालत ने गवली को पैरोल देने से इनकार कर दिया। इस फैसले से गवली को बड़ा झटका लगा है। संभावना जताई जा रही है कि उन्हें फिर जेल जाना पड़ सकता है। इस याचिका पर अगली सुनवाई नवंबर महीने में होगी।



**महाराष्ट्र सरकार ने बॉम्बे हाई कोर्ट के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में दी चुनौती :** जानकारी के लिए बता दें कि महाराष्ट्र सरकार ने बॉम्बे हाई कोर्ट के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। बॉम्बे हाई कोर्ट की नागपुर बेंच ने 5 अप्रेल को गवली की याचिका को स्विकार किया था। जिसमें उसने 10 जनवरी 2006 की छुट नीति के आधार पर राज्य सरकार को समय से पहले रिहाई देने के निर्देश देने का अनुरोध किया था।

### क्या है मामला ?

गैंगस्टर से नेता बने गवली को शिवसेना पार्षद कमलाकर जामसांडेकर की 2007 के मामले में आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। गवली ने समय से पहले रिहाई मांगते हुए कहा था कि उन्होंने 2006 के नीति के सभी नियमों का पालन किया है। उसने कहा कि राज्य प्राधिकारियों द्वारा समय से पहले रिहाई के लिए उसके आवेदन को खारिज करना अन्यायपूर्ण और मनमाना है। गवली ने यह भी दलील दी थी कि वह 65 वर्ष की उम्र की सीमा पार कर चुके है और मेडिकल बोर्ड ने उसे कमजोर घोषित कर दिया है। जिससे वह इस नीति का लाभ उठाने के लिए पात्र है।

# उरण हत्याकांड : आरोपी के खिलाफ जोड़ी गई SC-ST एक्ट की धारा

### ▸▸ कोर्ट ने 7 दिन की पुलिस हिरासत में भेजा

**दोपहर संवाददाता । नवी मुंबई**

नवी मुंबई के उरण में युवती की कथित हत्या के मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत आरोप जोड़ा है। नवी मुंबई पुलिस ने मामले के आरोपी दाऊद शेख को मंगलवार की सुबह पड़ोसी राज्य कर्नाटक के गुलबर्गा के शाहपुर इलाके से गिरफ्तार किया गया था। पुलिस अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी।



### कर्नाटक में गिरफ्तारी

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि कर्नाटक में गिरफ्तारी के बाद उसे मंगलवार रात नवी मुंबई लाया गया। वह फिलहाल नवी मुंबई के बेलापुर में पुलिस की हिरासत में है। उन्होंने बताया कि आरोपी को बुधवार को पनवेल सेशन कोर्ट में पेश किया गया। जहां अदालत ने उसे 7 दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया है। एक अन्य पुलिस अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने शेख के खिलाफ दर्ज हत्या के मामले में अब अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत भी आरोप जोड़ दिए हैं।

**सुविधा** ▸ रेल मंत्री ने खुद दी सारी जानकारी

# मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट के निर्माण कार्य में तेजी

**मुनीब चौरसिया । मुंबई**

मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन को लेकर नया अपडेट आया है। बुधवार को खुद रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने लोकसभा में बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड रेल (MAHSR) प्रोजेक्ट का निर्माण कार्य तेज गति से चल रहा है। यह गुजरात, महाराष्ट्र और केंद्र शासित प्रदेश दादरा और नगर हवेली से होकर गुजरेगी। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने लोकसभा में एक सवाल के लिखित जवाब में बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट के बारे में यह जानकारी दी। रेल मंत्री ने बताया कि बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट की कुल लंबाई 508 किलोमीटर है। इस प्रोजेक्ट के लिए पूरी जमीन (1389.5 हेक्टेयर) अधिग्रहित की जा चुकी है। प्रोजेक्ट की स्वीकृत लागत 1 लाख 8 हजार करोड़ रुपए है।



### जापानी रेलवे के सहयोग से डिजाइन

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि बुलेट ट्रेन परियोजना बहुत जटिल और तकनीक गहन परियोजना है। इसकी उच्चतम स्तर की सुरक्षा और संबंधित रखरखाव प्रोटोकॉल को ध्यान में रखा गया है। इसलिए, बुलेट ट्रेन परियोजना को जापानी रेलवे के सहयोग से डिजाइन किया गया है। रेल मंत्री ने कहा कि बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट को भारतीय आवश्यकताओं और जलवायु परिस्थितियों के अनुकूल बनाया गया है। सिविल संरचना, ट्रैक, विद्युत, सिग्नलिंग और दूरसंचार और ट्रेनसेट की आपूर्ति से संबंधित सभी कार्यों के पूरा होने के बाद प्रोजेक्ट की पूर्णता समय-सीमा को यथोचित रूप से सुनिश्चित किया जा सकता है।

### समुद्र के अंदर सुरंग का काम भी शुरू हो गया है

रेल मंत्री द्वारा लोकसभा में दिए गए आंकड़ों के अनुसार, 508 किलोमीटर लंबी बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट के अंतर्गत 12 स्टेशन बनाने की योजना है। इसके जरिए मुंबई, ठाणे, विरार, बोईसर, वापी, बिलिमोरा, सूरत, भरूच, वडोदरा, आनंद, अहमदाबाद और साबरमती में स्टेशन बनाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि अब तक 350 किलोमीटर पियर फाउंडेशन, 316 किलोमीटर पियर निर्माण, 221 किलोमीटर गर्डर कास्टिंग और 190 किलोमीटर गर्डर लॉन्चिंग का काम पूरा हो चुका है। वहीं, समुद्र के अंदर सुरंग का काम भी शुरू हो गया है। बुलेट ट्रेन समुद्र के अंदर करीब 21 किलोमीटर का सफर तय करेगी।

# संसद में महाराष्ट्र की गूंज

### ▸▸ बाढ़ पीड़ितों के लिए विशेष राहत पैकेज की मांग

### ▸▸ माने बने शिवसेना संसदीय दल के उपनेता



**मुंबई/नई दिल्ली।** राज्यसभा सदस्य डॉ मेधा कुलकर्णी ने केंद्र सरकार से पुणे, मुंबई, कोल्हापुर, सातारा समेत महाराष्ट्र के अन्य जिलों में भारी बारिश के कारण लोगों को हुए नुकसान की भरपाई के लिए विशेष राहत पैकेज देने की मांग की है। साथ ही उन्होंने नुकसान का आकलन करने के लिए एक समिति गठित करने की भी मांग की है। सांसद कुलकर्णी ने राज्यसभा में महाराष्ट्र के विभिन्न जिलों में आई विनाशकारी बाढ़ से लोगों को हुई भारी परेशानी और नुकसान की ओर सरकार का ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने कहा कि लगातार बारिश के कारण भयंकर जलभराव हो गया है, सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ है और स्कूल बंद करने पड़े है। राज्य की यह स्थिति केंद्र सरकार से तत्काल हस्तक्षेप की मांग करती है। इसलिए केंद्र सरकार बाढ़ से प्रभावित लोगों के लिए विशेष राहत पैकेज प्रदान करे, जिसमें पशुधन के नुकसान के लिए वित्तीय सहयता, फसल का नुकसान, प्रियजनों को खोने वाले परिवारों के लिए मुआवजा और भविष्य में बाढ़ को रोकने के लिए बुनियादी ढांचे में सुधार शामिल हो। डॉ मेधा कुलकर्णी की इस मांग का प्रदेश से अन्य सांसद इमरान प्रतापगढ़ी, धनंजय महाडिक, डॉ फौजिया खान ने भी समर्थन किया।

# महिला के साथ चलती ट्रेन में बदसलूकी



दोपहर संवाददाता । पालघर

ट्रेनों में कई बार ऐसी घटनाएं हो जाती हैं, जिससे रेलवे के दावों की पोल खुल जाती है। एक चलती ट्रेन में 35 वर्षीय महिला के साथ छेड़छाड़ करने को लेकर पालघर से एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। यह घटना 30 जुलाई को हुई, जब 22 वर्षीय आरोपी मुंबई जाने वाली सौराष्ट्र मेल में यात्रा कर रहा था और शिकायतकर्ता महिला निचली बर्थ पर सो रही थी।

## आरोपी गिरफ्तार

### मुंबई में कपड़े का व्यवसाय करता है आरोपी

सौराष्ट्र मेल ट्रेन पूरी रफ्तार में थी, जब अचानक से महिला ने शोर मचाना शुरू कर दिया। इससे ट्रेन में हड़कंप मच गया। यात्रियों ने आरोपी युवक को पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया। आरोपी मुंबई में कपड़े का व्यवसाय करता है। उसके खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 74 और भारतीय रेलवे नियम की धारा 147 के तहत केस दर्ज किया गया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# करोड़ों रुपए खर्च कर घटिया गुणवत्ता में हो रहे मनपा के कार्य

दोपहर संवाददाता । उल्हासनगर

उल्हासनगर मनपा की ओर से उल्हासनगर शहर में चल रहे विकास कार्यों में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार हो रहा है।का आरोप लगाते हुए मनसे के प्रतिनिधिमंडल ने आयुक्त कार्यालय के बाहर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। शहर में बड़े पैमाने पर विकास कार्य शहर में बड़े पैमाने पर विकास कार्य चल रहे हैं। इन कार्यों पर मनपा के किसी भी अधिकारी का कोई नियंत्रण नहीं है, लेकिन सवाल अब यह खड़ा हो गया है कि मनपा प्रशासन को क्या यह ठेकेदार चलाते है. इस खराब गुणवत्ता वाले काम को लेकर शहर के नागरिकों ने अधिकारियों से शिकायत की है कि ये अधिकारी एक-दूसरे पर उंगली उठाकर अपनी जिम्मेदारियों से बच रहे हैं। शहर में बड़े पैमाने पर खराब गुणवत्ता वाला काम हो रहा है यह अधिकारियों और ठेकेदारों की मिलीभगत से किया जाने का आरोप मनसे कल्याण जिला अध्यक्ष बंडू देशमुख ने आरोप लगाते हुए कहा उल्हासनगर-3 में कांग्रेस कार्यालय से लेकर पप्पू सोसायटी और उल्हासनगर-5 में सह्याद्रि नगर चॉकलेट कंपनी तक का काम प्रगति पर है।



### मनसे करेगी आंदोलन

इस संबंध में स्थानीय नागरिकों द्वारा मनपा के अधिकारियों को सूचित करने के बाद भी मनपा के अधिकारियों ने काम नहीं रोका और ठेकेदार ने दो दिन की छुट्टी का फायदा उठाते हुए भारी बारिश में भी काम को जल्दबाजी में पूरा करने में जुट गए। मनसे की ओर से कहा गया है कि संबंधित ठेकेदारों को काली सूची में डाला जाना चाहिए। साथ ही इस काम के बिल का भुगतान नहीं किया जाए साथ ही अगर इस काम के लिए जिम्मेदार ठेकेदारों और अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई नहीं की गई तो मनसे ने चेतावनी दी है कि महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना इसके विरोध आंदोलन करेगी।

# गणेशोत्सव पर्व पर दौड़ेंगी एसटी की चार हजार तीन सौ बसें



दोपहर संवाददाता । ठाणे

सात अगस्त से भगवान गणेश का आगमन होगा। भगवान गणेश के स्वागत के लिए एसटी महामंडल तैयार है। गणेशोत्सव महाराष्ट्र का सबसे बड़ा धार्मिक पर्व है। इस पर्व को मनाने के लिए कोंकण वासियों को यात्रा करना जान पर आ जाता है। इसको देखते हुए एसटी महामंडल 2 सितंबर से 17 सितंबर के बीच में चार हजार तीन सौ अधिक गाड़ियों को छोड़ने के लिए निर्णय लिया है।

टिकट दर में वरिष्ठ नागरिकों के लिए सौ प्रतिशत और महिलाओं के लिए पचास प्रतिशत की सहूलियत व्यक्तिगत आरक्षण व सामूहिक आरक्षण में वरिष्ठ नागरिकों के लिए सौ प्रतिशत और महिलाओं के लिए टिकट दर में पचास प्रतिशत की सहूलियत होगी।2 सितंबर से मुंबई, ठाणे, पालघर के मुख्य एसटी स्टैंड से अधिक बसों को छोड़ा जायेगा।हर साल साढ़े तीन हजार बसों को छोड़ा जाता था। इस बार यात्रियों की मांग पर आठ सौ अधिक बसों को शामिल किया गया है।

# पानी में डूबकर दो लोगों की मौत

दोपहर संवाददाता । पालघर

पालघर जिले के अलग-अलग जगहों पर दो नाबालिग लड़को की पानी में डूबने से मौत हो गई है। इस मामले में वसई और अर्नाला पुलिस स्टेशन ने बीएनएसएस की धारा 194 के तहत केस दर्ज किया है।मिली जानकारी के अनुसार,कुमार अली राशिद शेख (15),कोलीवाड़ा वसई पश्चिम में रहता था।बताया जाता है कि,अली अपने मित्र के साथ समुद्र तट पर तैराकी करने गया। और डूब गया। जिससे उसकी मौत हो गई। इसी तरह सचिन चौधरी (17),तिरुपति नगर,विरार पश्चिम में रहता था। सचिन की अर्नाला इलाके में समुद्र में डूबने से मौत हो गई।दोनों मामले की जांच की पुलिस कर रही है।

# लोक अदालत का आयोजन कई मामलों का निपटारा

दोपहर संवाददाता । पालघर

पालघर के वसई तालुका स्तर पर, आयोजित की गई राष्ट्रीय लोक अदालत में कल्याण सर्कल में स्थायी बिजली कटौती के 301 मामलों सहित अन्य लंबित मामलों को समझौते के माध्यम से निपटाया गया। महावितरण की उपलब्ध छूट का लाभ उठाकर संबंधित ग्राहकों द्वारा 2 करोड़ 14 लाख रुपये का भुगतान किया गया।

### कल्याण सर्कल में बिजली आपूर्ति के स्थायी विच्छेदन और लंबित मामलों के सौहार्दपूर्ण निपटारे के लिए लोक अदालत का आयोजन



स्थायी विच्छेदन और लंबित मामलों के सौहार्दपूर्ण निपटारे के लिए लोक अदालत का आयोजन किया गया था। इसमें 301 मामलों में समझौता हो सका और 2 करोड़ 14 लाख रुपये का भुगतान हुआ।साथ ही लोक अदालत के अवसर पर स्थाई विद्युत आपूर्ति बाधित होने के 903 मामलों में भेजे गये नोटिस के मामले में 2 करोड़ 12 लाख रुपये भरकर समझौता हुआ। अस्थाई रूप से विच्छेदित उपभोक्ताओं के 14 हजार 154 प्रकरण मध्यस्थता से निस्तारित कर 6 करोड़ 89 लाख रूपये का भुगतान कराया गया।जबकि अतिरिक्त जमानत राशि के 2 हजार 345 प्रकरणों में समझौता उपरांत 1 करोड़ 19 लाख रूपये का भुगतान किया गया। लोक अदालत में कुल 17 हजार 703 मामलों का आपसी सहमति से निपटारा हुआ और 12 करोड़ 34 लाख रुपये की वसूली हुई।विधिक सेवा प्राधिकरण एवं कल्याण मण्डल के मुख्य अभियंता चंद्रकांत मिश्रा के मार्गदर्शन में लोक अदालत का आयोजन किया गया।

# बांग्लादेशियों पर कार्रवाई

दोपहर संवाददाता । वसई

अनैतिक मानव तस्करी निवारण प्रकोष्ठ (मीरा-भायंदर वसई विरार पुलिस आयुक्तालय) की टीम ने नालासोपारा इलाके के निलेमोरे गांव में वैध रूप से रह रहे 2 बांग्लादेशियो पर कार्रवाई करते हुए उनके खिलाफ नालासोपारा पुलिस स्टेशन में केस दर्ज करवाया है।मिली जानकारी का अनुसार,अनैतिक मानव तस्करी निवारण प्रकोष्ठ की टीम ने गुप्त सूचना पर निलेमोरे गांव क्षेत्र में छापेमारी की। इस दौरान 2 बांग्लादेशियो को गिरफ्तार किया गया।

### नालासोपारा पुलिस थाने में एफआईआर दर्ज

आरोपियों पर नालासोपारा पुलिस थाने में भारतीय पासपोर्ट अधिनियम 1950 की धारा 3 (अ),6(अ),सह विदेशी अधिनियम 1946 की धारा 14 के तहत एफआईआर दर्ज किया गया है। मामले की जांच जारी है।

# दो अपराधी यूपी और बिहार से गिरफ्तार

दोपहर संवाददाता । भिवंडी

भिवंडी के शांतिनगर पुलिस ने दो गंभीर अपराध कर फरार अपराधियों को उत्तर प्रदेश और बिहार राज्य से गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ शांतिनगर पुलिस स्टेशन में हाफ मर्डर और पोक्सो के तहत मामला दर्ज किया गाय था। यह जानकारी वरिष्ट पुलिस निरीक्षक विनायक गायकवाड ने प्रेस नोट के माध्यम से पत्रकारों को दी है।

## बच्चे के साथ दुष्कर्म की घटना



इसी तरह एक महीने पहले पिरानी पाड़ा इलाके के एक मदरसा में 11 वर्ष के बच्चे के साथ दुष्कर्म की घटना घटित हुई थी। इस मामले में शांतिनगर पुलिस ने 1334/2024 में भादवि कलम 377, पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपी मो. नसरुल्ला अलाउद्दीन शेख की तलाश कर रही थी। ये फरार आरोपी समय समय से अपना ठिकाना बदल रहा था। जिसके कारण उसे पकड़ने में पुलिस को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। इसी बीच पुलिस को गुप्त जानकारी मिली कि फरार आरोपी मो. नसरुल्ला अलाउद्दीन शेख बिहार राज्य के दरभंगा जिले के धमसाईन गांव में जामा मस्जिद के पास रहता है। वहां पहुंच कर पुलिस ने उक्त आरोपी को तुरंत गिरफ्तार कर उसे वहीं के न्यायालय में पेश किया जहां न्यायालय ने उसे चार दिनों की पुलिस हिरासत दी थी। जिसके बाद उक्त आरोपी को पुलिस द्वारा भिवंडी लाया गया है।

## हाफ मर्डर के केस में था फरार



पुलिस के अनुसार एक वर्ष पूर्व शांतिनगर पुलिस में दर्ज हाफ मर्डर के केस में फरार चल रहे आरोपी बरकत अली मोहिद्दीन शाह उर्फ बादशाह 32 निवासी रामपुर बजहा गांव प्रतापगढ़ उत्तर प्रदेश राज्य की तलाश पुलिस कर रही थी। हालांकि पुलिस को उसके निवास के बारे में पता नहीं था। जिसके कारण उक्त आरोपी को तलाश करना पुलिस के सामने किसी चुनौती से कम नहीं था। लेकिन जब पुलिस को उक्त आरोपी की मुखबिर के माध्यम से गुप्त जानकारी मिली के वह 10 दिनों से अपने एक मित्र के पास आता जाता है। जानकारी मिलते ही शांतिनगर पुलिस स्टेशन के वरिष्ट पुलिस विनायक गायकवाड के मार्गदर्शन में पुलिस निरीक्षक अतुल अडुरकर (गुन्हे) व तपस पथक के पुलिस निरीक्षक सुरेश चोपड़े, पुलिस हवलदार सैय्यद, पुलिस सिपाही बर्वे, जाधव आदि पुलिस की टीम फौरन उत्तर प्रदेश के लिए रवाना हो गई। वहां पहुंचने के बाद दो दिनों तक पुलिस ने उक्त आरोपी के बारे में अधिक जानकारी इकट्ठा की तो पता चला कि आरोपी बरकत अली मोहिद्दीन शाह उर्फ बादशाह बजहा गांव का ही निवासी है परंतु वे वहां के बाजारपेठ चौक, रेलवे स्टेशन के पास तीन बत्ती मार्केट में पॉकेट मारने का काम करता है। बैरहाल पुलिस ने उक्त आरोपी को एक ऑटो रिक्शा में जाते समय गिरफ्तार कर लिया है।

# बजट में महाराष्ट्र के लिए पर्याप्त प्रावधान : विधायक डावखरे

दोपहर संवाददाता । ठाणे

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत केंद्रीय बजट का एक सामाजिक चेहरा है और बजट में जीवन के सभी क्षेत्रों के नागरिकों पर विचार किया गया है। कोंकण स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के भाजपा विधायक निरंजन डावखरे ने आज यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि बजट ने नए उद्यमियों और गरीबों, महिलाओं, युवाओं और किसानों को राहत दी है साथ ही महाराष्ट्र के लिए पर्याप्त प्रावधान भी हैं, जिनमें बंदरगाह विस्तार के लिए 75 हजार करोड़ रुपए की राशि प्रस्तावित की गई है । भाजपा की ओर से इस वर्ष के केंद्रीय बजट पर चर्चा के लिए ठाणे मंडल कार्यालय में एक पत्रकार सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भाजपा के ठाणे शहर जिला अध्यक्ष संजय वाघुले, पूर्व नगरसेवक संदीप लेले, उपाध्यक्ष सागर भादे, महासचिव सचिन पाटिल, समीरा भारती आदि उपस्थित थे।

### विपक्ष का आरोप निराधार



उन्होंने कहा विपक्ष का यह दुखड़ा कि केंद्रीय बजट में महाराष्ट्र को हिस्सा नहीं मिला, जो सरासर 'निराधार" है। जबकि बजट में बंदरगाह के विस्तार के लिए 76 हजार करोड़ का पर्याप्त प्रावधान किया गया। इसी तरह मुंबई-दिल्ली औद्योगिक गलियारा, महाराष्ट्र ग्रामीण सड़क सुधार, व्यापक आर्थिक गलियारा, कृषि और ग्रामीण परिवर्तन परियोजना आदि के प्रावधान हैं ।उन्होंने आगे कहा, "मुंबई, पुणे, नागपुर में मेट्रो परियोजनाओं के लिए प्रावधान किए गए हैं। मुंबई उधर महानगरीय क्षेत्र में हरित शहरी गतिशीलता के लिए प्रावधान किया गया है। राज्य में रेलवे परियोजनाओं और अन्य कार्यों के लिए 15 हजार 940 करोड़ रुपये दिये गये. इससे रेलवे के कार्यों में तेजी आएगी। यह प्रावधान 2009-2014 के दौरान 1171 करोड़ रुपये के औसत आवंटन से 13 .5 गुना अधिक है। अगले पांच वर्षों में 250 नई लोकल सेवाएं और 100 मेल-एक्सप्रेस ट्रेनें जोड़ी जाएंगी, जिससे यात्रियों का सफर आसान हो जाएगा। महाराष्ट्र के शहरी इलाकों में 1.3 लाख गरीब परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत घर मिलेंगे। साढ़े आठ लाख आवासों का आवंटन पूरा हो चुका है। विधायक डावखरे ने कहा कि अब तक ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग 12 .5 लाख आवास पूर्ण हो चुके हैं।

# विधायक रईस शेख और भिवंडी महानगपालिका का संयुक्त स्वच्छता मिशन

### अभियान में 800 छात्र, 100 सफाई कर्मचारी, 35 शिक्षक शामिल हुए

दोपहर संवाददाता । भिवंडी

समाजवादी पार्टी के भिवंडी पूर्व विधायक रईस शेख और भिवंडी महानगर पालिका ने संयुक्त रूप से आज बुधवार को भिवंडी के स्कूल नंबर 70 से 'महास्वच्छता अभियान' का आयोजन किया। इस अभियान में 800 से अधिक स्कूली छात्र, 60 स्वच्छता कार्यकर्ता, 4 मुकादम और 35 शिक्षकों ने भाग लिया।

## बुद्ध विहार, नूरानी मस्जिद, हमजा होटल, याकूब मस्जिद, आयशा होटल क्षेत्र की साफ सफाई



इस संबंध में जानकारी देते हुए विधायक शेख ने बताया कि इस स्वच्छता अभियान में कचेरी पाड़ा, बुद्ध विहार, हमजा होटल, अनवर मेडिकल, नूरानी मस्जिद, आयशा होटल, याकूब मस्जिद इलाके की सड़कों को चमकाया गया है और भिवंडी के लोगों ने इस स्वच्छता अभियान को बहुत अच्छा रिस्पॉन्स मिला है। इस महास्वच्छता अभियान में 2 जेसीबी, 3 डंपर, 10 फवारणी, 6 स्मोक स्प्रेयर का उपयोग किया गया। साथ ही स्कूल नंबर 70 की सफाई के साथ क्षेत्र में 80 पौधे भी लगाए गए। इस मार्ग पर सड़क के साथ ही कूड़ा-कचरा हटाया गया और मिट्टी के टीलों को जेसीबी से लेव्हल किया गया। इस स्वच्छता अभियान में महानगर पालिका स्कूल नंबर 22, नंबर 62, नंबर 70 और नंबर 85 के साथ-साथ माध्यमिक विद्यालयों के कुल 800 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। इस मौके पर स्कूली छात्र-छात्राओं के हाथों में स्वच्छता का महत्व बताने वाली पोस्टर थीं। इस अभियान में 35 निजी सफाई कर्मियों की मदद ली गयी।

# यातायात विभाग ने वसूला 15 लाख का जुर्माना

दोपहर संवाददाता । भिवंडी

भिवंडी शहर और ग्रामीण इलाकों में बड़े पैमाने पर ट्रैफिक जाम होता है, तो विपरीत दिशा में आने वाले वाहन चालक अक्सर इस जाम की स्थिति का कारण बनते हैं । इसीलिए ट्रैफिक पुलिस द्वारा ऐसे वाहन चालकों के खिलाफ ई-चालान की कार्रवाई की जाती है। इस बीच, 27 जुलाई को भिवंडी अदालत में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत के दौरान भिवंडी यातायात विभाग के सहायक पुलिस आयुक्त कार्यालय के तहत भिवंडी शहर, कोनगांव और नारपोली की तीन यातायात शाखाओं ने 1771 वाहन चालकों से 14 लाख 92 हजार 750 रुपये का जुर्माना वसूला है। भिवंडी यातायात विभाग के सहायक पुलिस आयुक्त शरद ओहोल के मार्गदर्शन में तीनों यातायात विभागों की ओर से यातायात नियमों का पालन नहीं करने वाले वाहनों के साथ ही जाम का कारण बनने वाले वाहनों के खिलाफ नियमित कार्रवाई की जाती है।

### 478 लोगों से 4 लाख 44 हजार का जुर्माना वसूला

भिवंडी शहर यातायात शाखा ने 478 लोगों से 4 लाख 44 हजार का जुर्माना वसूला है। कोनगांव यातायात शाखा ने 474 लोगों के खिलाफ कार्रवाई कर 5 लाख 74 हजार 250 रुपये का जुर्माना वसूल किया है। जबकि नारपोली यातायात शाखा ने 819 लोगों के खिलाफ कार्रवाई कर 4 लाख 74 हजार 500 रुपये का जुर्माना वसूला है। परिवहन विभाग की ओर से ई-चालान के माध्यम से कार्रवाई करते हुए वाहन चालकों को मैसेज भेजने के एक माह के अंदर 11 लाख 63 हजार 900 रुपये का भुगतान किया गया, जबकि लोक अदालत के दिन न्यायालय में वाहन चालकों द्वारा 3 लाख 28 हजार 850 रुपये का भुगतान किया गया।


**भिवंडी निजामपूर शहर महानगरपालिका, भिवंडी**

**पाणी पुरवठा विभाग**

**ई - निवीदा सुचना क्रमांक - ११ (पहिल्यांदा प्रसिद्धी) सन २०२४-२५**

खालील काम करण्याकरीता सक्षम व अनुभवी ठेकेदारांकडून ई निविदा मागविण्यात येत आहे.

| अ. क्र. | कामाचे स्वरुप अंदाजित खर्च निविदा फॉर्म फी | निविदा विक्री व स्वीकारण्याची अंतिम दिनांक |
|---|---|---|
| १. | भिवंडी पूर्व मतदार संघातील प्रभाग समिती क्र.१ मधील शाळा क्र.५६ समोरील व्यायाम शाळेची दुरुस्ती व साहित्य पुरविणेबाबत. सन २०२४-२५ या. रु. २९९८३४२/- रु. २३६०/- | दि. ०१/०८/२०२४ ते दि. ०८/०८/२०२४ |

**सदर निविदा बाबतची माहिती मनपा संकेतस्थळावर http://mahatenders.gov.in वर दिनांक ०१/०८/२०२४ पासुन उपलब्ध आहे.**

**स्वाक्षरी/-**
**प्र. कार्यकारी अभियंता,**
**पाणी पुरवठा विभाग**
**भिवंडी नि.शहर महानगरपालिका भिवंडी.**


# शनिवार को होगा महाराष्ट्र मनपा कर्मचारी संघ का राज्य स्तरीय सम्मेलन

दोपहर संवाददाता । ठाणे

विभिन्न स्थानीय निकायों में काम करने वाले कर्मचारियों के न्याय अधिकारों के लिए लड़ने वाले महाराष्ट्र नगर निगम कर्मचारी संगठन की राज्य स्तरीय बैठक शनिवार 3 अगस्त को ठाणे में आयोजित की गई है।

**श्रमिकों का हो रहा है जमकर शोषण**

महाराष्ट्र नगर पालिका कर्मचारी संघ के अध्यक्ष रवींद्र शिंदे ने यह जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान समय में प्रदेश भर के महानगर पालिकाओं एवं नगर पालिकाओं में संविदा कर्मियों का जाल फैल गया है। इसलिए सफाई, स्वास्थ्य आदि विभागों में भर्ती नहीं हो रही है। इधर ठेकेदारों द्वारा भी श्रमिकों का जमकर शोषण किया जा रहा है। यह उत्पीड़न सिर्फ आर्थिक ही नहीं बल्कि मानसिक और शारीरिक भी है। इस कुप्रथा को रोकने के लिए न्यूनतम वेतन आयोग के निर्देशों के अनुसार वेतन और सुविधाएं प्रदान की जानी चाहिए; श्रमिकों को सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराये जाने चाहिए; ।साथ ही श्रमिकों को उनकी नौकरी की गारंटी दी जानी चाहिए; चतुर्थ वर्ग के अलावा तृतीय वर्ग के कर्मियों को भी विरासत और अनुकंपा का लाभ मिले, इसके पक्ष और विपक्ष पर इस सभा में चर्चा होगी। महाराष्ट्र नगरपालिका कर्मचारी संघ के अध्यक्ष रवींद्र शिंदे ने बताया कि शनिवार सुबह 11 बजे ठाणे के खारटन रोड स्थित महात्मा फुले नगर ओपन थिएटर में आयोजित इस बैठक में राज्यभर से कर्मचारी उपस्थित रहेंगे।

# उल्हासनगर में सरकारी प्रमाण पत्र वितरण शिविर संपन्न

दोपहर संवाददाता । उल्हासनगर

उल्हासनगर शहर में सामाजिक संगठनों और सरकारी कार्यालयों के सहयोग भटकी और विमुक्त समाज के लिए एक शिविर का आयोजन किया गया, इस शिविर में सरकारी प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस शिविर को काफी अच्छा प्रतिसाद मिला है। उल्हासनगर तहसीलदार कार्यालय और अशोक फाउंडेशन और सामाजिक कार्यकर्ता शिवाजी रगड़े के प्रयासों से 31 जुलाई 2024 को समाज मंदिर हॉल, सम्राट अशोक नगर, उल्हासनगर 03 में भटकी जाति (एन, टी, वीजी एनटी) नागरिकों के लिए जाति प्रमाण पत्र और विभिन्न प्रमाण पत्रों के साथ-साथ सरकार की विभिन्न योजनाओं जैसे आधार कार्ड, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, इलेक्शन कार्ड, निवास प्रमाण पत्र और आय प्रमाण पत्र के लिए शिविर आयोजित किए गए। इस शिविर में बड़ी संख्या में नागरिको ने भाग लिया और शिविर का लाभ उठाया। उक्त शिविर में उल्हासनगर तहसीलदार कार्यालय के तहसीलदार कदम, नायब तहसीलदार बनसोडे, राशनिंग अधिकारी और विभिन्न अधिकारी उपस्थित थे।



दो बजे
दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

**अनमोल विचार** कर्म करते जाइए, उसके परिणामों पर ध्यान मत दीजिए : बाल गंगाधर तिलक

# पश्चिम रेलवे की दो जोड़ी स्पेशल ट्रेनों के फेरे विस्तारित

दोपहर संवाददाता | मुंबई

मुंबई। पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा तथा उनकी यात्रा मांग को पूरा करने के उद्देश्य से विशेष किराए पर दो जोड़ी स्पेशल ट्रेनों के फेरों को विस्तारित किया गया है। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक ने विज्ञप्ति जारी कर जानकारी दी।




### ट्रेनों का विवरण

ट्रेन संख्या 09622 बांद्रा टर्मिनस-अजमेर साप्ताहिक स्पेशल को 26 अगस्त, 2024 तक विस्तारित किया गया है। इसी तरह, ट्रेन संख्या 09621 अजमेर-बांद्रा टर्मिनस साप्ताहिक स्पेशल को 25 अगस्त, 2024 तक विस्तारित किया गया है। इसी प्रकार ट्रेन संख्या 04712 बांद्रा टर्मिनस-बीकानेर साप्ताहिक स्पेशल को 29 अगस्त, 2024 तक विस्तारित किया गया है। इसी तरह, ट्रेन संख्या 04711 बीकानेर-बांद्रा टर्मिनस साप्ताहिक स्पेशल को 28 अगस्त, 2024 तक विस्तारित किया गया है।

**न्यूज़ ब्रीफ**

# महाराष्ट्र के राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन ने कार्यभार संभाला



दोपहर संवाददाता | मुंबई

सी.पी। राधाकृष्णन ने बुधवार शाम महाराष्ट्र के राज्यपाल के रूप में शपथ ली। बंबई उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश देवेंद्र कुमार उपाध्याय ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। वर्ष 1960 में महाराष्ट्र के गठन के बाद से राधाकृष्णन राज्य के 21वें राज्यपाल हैं। उन्होंने रमेश बैंस की जगह ली है।

मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्रियों देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार, अन्य मंत्रियों और वरिष्ठ अधिकारियों ने राजभवन के दरबार हॉल में आयोजित समारोह में हिस्सा लिया। इसके बाद, भारतीय नौसेना ने राज्यपाल को पारंपरिक 'गार्ड ऑफ ऑनर' दिया। राधाकृष्णन महाराष्ट्र के राज्यपाल बनने से पहले करीब डेढ़ साल तक झारखंड के राज्यपाल रहे। उन्होंने कुछ समय के लिए तेलंगाना के राज्यपाल और पुडुचेरी के उपराज्यपाल का अतिरिक्त प्रभार भी संभाला। चार दशकों से ज्यादा का राजनीतिक अनुभव रखने वाले राधाकृष्णन तमिलनाडु की राजनीति में एक सम्मानित व्यक्ति रहे हैं। चार मई, 1957 को तमिलनाडु के तिरुपुर में जन्मे राधाकृष्णन ने बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन में स्नातक की पढ़ाई की है। आरएसएस के कार्यकर्ता रहे राधाकृष्णन 1974 में भारतीय जनसंघ (भाजपा के पूर्ववर्ती संगठन) की राज्य कार्यकारी समिति के सदस्य बने थे।

# म्हाडा अंबरनाथ में बनाएगी 1500 घर

## 1 हजार 534 आवास निर्माण हेतु निविदा शीघ्र

दीपक पवार | मुंबई

आम नागरिकों के सपनों को पूरा करने वाली म्हाडा के कोंकण मंडल के माध्यम से अंबरनाथ में मध्यम और निम्न आय वर्ग के लिए आवास का निर्माण किया जाएगा। बोर्ड के माध्यम से 1500 आवास बनाने की प्रशासनिक स्वीकृति दी गयी है. तदनुसार, अंबरनाथ में घर बनाने के लिए जल्द ही निविदाएं आमंत्रित की जाएंगी। मुंबई महानगरीय क्षेत्र में मेट्रो, सड़कों, रेलवे लाइनों का एक नेटवर्क बुना गया है। इसके चलते बदलापुर, अंबरनाथ आदि शहरों में दिन-ब-दिन मकान बढ़ते जा रहे हैं। कोंकण मंडल द्वारा निकाली गई लॉटरी में ठाणे जिले में घरों की भारी मांग है। तदनुसार, म्हाडा ने आम नागरिक के सपने को पूरा करने के लिए अंबरनाथ में घर बनाने का निर्णय लिया है। इसके अनुसार, शिवगंगा में निम्न और मध्यम आय वर्ग के लिए 760 घर बनाए जाएंगे और खोज कुंताली में 774 घर बनाए जाएंगे। इसके अनुसार, निर्माण के लिए निविदाएं जल्द ही जारी की जाएंगी, कोंकण मंडल के मुख्य प्रभारी अधिकारी अनिल अंकलगी ने कहा।




### मुंबई मंडल लॉटरी के बाद कोंकण मंडल लॉटरी

मुंबई बोर्ड के माध्यम से जल्द ही 2000 मकानों की लॉटरी निकाली जाएगी. इस लॉटरी में असफल रहने वाले आवेदकों को आवास के अवसर प्रदान किये जाते हैं। मुंबई बोर्ड लॉटरी के बाद, बोर्ड अधिकारी असफल आवेदकों के लिए कोंकण बोर्ड लॉटरी आयोजित करने के बारे में सोच रहे हैं।

### कोंकण बोर्ड के पास लॉटरी के लिए 3 हजार नए घर उपलब्ध हैं

म्हाडा के कोंकण मंडल में लॉटरी के लिए 3 हजार से ज्यादा नए घर उपलब्ध हैं। इसमें 20 प्रतिशत योजना के तहत लगभग 900 घर, प्रधान मंत्री आवास योजना और म्हाडा योजना के तहत 1500 से अधिक घर शामिल हैं। साथ ही 4000 से ज्यादा मकान जो पहले निकाली गई लॉटरी में नहीं बिके थे, उन्हें भी इसमें शामिल किया जाएगा. बोर्ड के सूत्रों ने बताया कि बोर्ड के पास फिलहाल 9 हजार से ज्यादा घर उपलब्ध हैं।

# धारावी में अवैध निर्माण का विरोध करने पर हुई अरविंद वैश्य की हत्या: किरीट सोमैया



दोपहर संवाददाता | मुंबई

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश उपाध्यक्ष किरीट सोमैया ने कहा कि धारावी में मोहर्रम के लिए बनाए गए अवैध निर्माण का विरोध करने पर आरएसएस के पूर्व स्वयंसेवक अरविंद वैश्य की हत्या कर दी गई। वे मुंबई नगर निगम के आयुक्त से मिलकर इन सभी अवैध निर्माणों को सूची देंगे और तोड़क कार्रवाई की मांग करेंगे। धारावी में आरएसएस स्वयंसेवक अरविंद वैश्य की हत्या कर दी गई थी और मंगलवार को उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया । बुधवार को किरीट सोमैया पूर्व आरएसएस स्वयंसेवक अरविंद वैश्य के घर गए और परिवार वालों से मिले। इसके बाद किरीट सोमैया ने पत्रकारों को बताया कि मृतक अरविंद वैश्य के परिवार वालों ने इस घटना के आरोपितों को फांसी की सजा दिलाए जाने की मांग की है। किरीट सोमैया ने कहा कि धारावी में मुसलिए समाज की ओर से कई जगह मोहर्रम के लिए अवैध निर्माण किए गए हैं। इनका विरोध अरविंद वैश्य ने किया था, इसलिए उनकी हत्या कर दी गई। यह हत्या लैंड जिहाद के लिए की गई है। हालही में लव जिहाद के लिए उरन में एक युवती की हत्या कर दी गई है। यह बहुत ही चिंता का विषय है और वे सरकार से इस पर कठोर कार्रवाई की मांग करेंगे।

## 'इनमें से 2 दोषियों ने गैंगरेप में मदद की थी, वे भी सजा के हकदार'

# गैंगरेप के चारों दोषियों को 20 साल के कठोर कारावास की सजा

दोपहर संवाददाता | मुंबई

रेप नहीं किया लेकिन उस वक्त इरादे थे, तो भी सजा के हकदार हैं- यह कहना है बॉम्बे हाई कोर्ट का। बॉम्बे हाई कोर्ट ने नागपुर में चार लोगों द्वारा किए गए सामूहिक बलात्कार के एक मामले में फैसला सुनाते हुए कहा है कि अगर गैंगरेप के 'साझा इरादे' (Shared Intent) का सबूत है तो यह दोष साबित होने के लिए काफी है। हाई कोर्ट ने गैंगरेप के चार दोषियों को 20 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई थी।

### नीयत और इरादे पर क्या कहा बंबई उच्च न्यायालय ने ?

बॉम्बे हाई कोर्ट की नागपुर पीठ सामूहिक बलात्कार में या यौन उत्पीड़न में सीधे शामिल होने के कारण सजा देने के लिए रेप करना ही जरूरी माना बल्कि गैंगरेप की नीयत रखना भी कारण माना। टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, कोर्ट ने साफ कहा कि यौन उत्पीड़न में प्रत्यक्ष भागीदारी अपराध को एस्टेबलिश करने के लिए जरूरी नहीं है। नागपुर पीठ ने सामूहिक बलात्कार के लिए चारों लोगों की सजा को बरकरार रखा है। न्यायमूर्ति सनप ने कहा, दोनों आरोपी पीड़ित को घसीटकर एक पेड़ के पीछे ले गए, जबकि बाकी दो ने पीड़ित के दोस्त को दबोच लिया। यह कार्रवाई स्पष्ट रूप से उनकी 'नॉलेज' और इरादे को दर्शाती है जिससे वे समान रूप से दोषी बनते हैं। संदीप तलंडे, कुणाल घोडाम, शुभम घोडाम और अशोक कन्नके को 14 जून, 2015 को एक महिला के साथ सामूहिक बलात्कार के लिए 20 अगस्त, 2018 को 20 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई गई थी। न्यायमूर्ति गोविंदा सनप ने चार आरोपियों द्वारा दायर अपीलों को खारिज कर दिया जिन्होंने चंद्रपुर सेशन कोर्ट द्वारा दी गई अपनी सजा को चुनौती दी थी।

### नागपुर गैंगरेप: क्या था पूरा मामला ?




महिला और उसका दोस्त एक मंदिर में दर्शन करने के बाद एक पेड़ के नीचे बैठे थे, जब आरोपियों ने वन विभाग के अधिकारी बनकर उनसे संपर्क किया और 10,000 रुपये मांगे। दोनों ने जब उन्हें भुगतान करने में अपनी दिक्कत बताई तो उनके साथ न सिर्फ मारपीट की गई बल्कि उनके मोबाइल फोन छीन लिए गए। इसके बाद संदीप और शुभम ने उसके साथ बलात्कार किया, जबकि कुणाल और अशोक ने उसके दोस्त पकड़े रखा ताकि वह वारदात को रोक न पाए।

**सार्वजनिक सूचना**

मैं जैन छाया दिनेश, बी 1107 राज पैराडाइज मरोल मिलिट्री रोड, अंधेरी ईस्ट, मुंबई - 59, मोबाइल नंबरः 9867840980 पर रहता हूं, सार्वजनिक रूप से सूचित करना चाहता हूं कि मैं भोला धीरज और भोला मधु की संपत्ति का किरायेदार हूं, जो सी 004 शिवालिक बिल्डिंग, मरोल मिलिट्री रोड अंधेरी ईस्ट, मोबाइल नंबरः 9892202005 में रहता है, उनकी संपत्ति शॉप 1, द हाइट मरोल मरोशी रोड, अंधेरी ईस्ट, मुंबई - 59 पर स्थित है।
मैं जैन छाया दिनेश भोला धीरज और भोला मधु के स्वामित्व वाली मेरी किराए की संपत्ति के साथ विवाद में हूं, जैसा कि ऊपर वर्णित संपत्ति है, इसलिए मैं सभी को सार्वजनिक रूप से घोषणा करता हूं कि मैं अपनी संपत्ति को किराए पर नहीं दे सकता। विवाद सुलझने तक उपरोक्त संपत्ति से किसी भी तरह का सौदा न करें, क्योंकि हमने दुकान भारी जमा राशि पर ली है, जिसे वह वापस नहीं कर रहे हैं और उन्होंने जो चेक दिया है उसे भी ब्लॉक कर दिया है, अगर कोई व्यक्ति इसमें सौदा करता है तो आगे के परिणामों के लिए पूरी तरह से जिम्मेदार होंगे।

**स्थानः मुंबई**
**दिनांक : 01/08/2024**

हस्ता/-
जैन छाया दिनेश
मोबाइल नं.: 986784098

**जाहीर नोटीस**

सभी लोगों को सूचित किया जाता है कि श्री. गिरीधर नथ्थु नेरकर घोषणा करता हैं कि मेरी बीवी (पत्नी) कै. वंदना गिरिधर नेरकर का दि. १८/१०/२०२१ को निधन हो गया उनकी मृत्यु के बाद कानूनी उत्तराधिकारी के रूप में १) श्री. गिरीधर नथ्थु नेरकर - पती, २) उमेश गिरीधर नेरकर- लडका, ३) निलेश गिरीधर नेरकर - लडका. पता - बिल्डिंग नं. ६, रूम नं. ४, गोकुळ वनराई को-ऑफ हाउसिंग सोसायटी, सेंट थॉमस चर्च, पुना लिंक रोड, विजय नगर, गवळी नगर, कल्याण (पुर्व), ठाणे, ४२१३०६ हमारे अलावा कोई दूसरा वारिस नहीं है.'

उक्त जानकारी पीरामल कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस बैंक के प्रधान कार्यालय में जमा की जानी है। यदि इस संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो कृपया उक्त नोटिस के प्रकाशन की तिथि से १५ दिनों के भीतर सही साक्ष्य के साथ पीरामल कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस बैंक कार्यालय कल्याण (डोंबिवली) से संपर्क करें, अन्यथा इस पर विचार नहीं किया जाएगा।

**स्थळ** :- कल्याण
**दिनांक** : ०१/८/२०२४ हस्ताक्षर
**श्री. गिरीधर नथ्थु नेरकर**

# विधानसभा और मुंबई नगर निगम चुनाव के लिए कार्यकर्ता तैयार रहें: उद्धव ठाकरे

दोपहर संवाददाता | मुंबई

शिवसेना यूबीटी के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे ने बुधवार को मुंबई में कहा कि कार्यकर्ताओं को विधानसभा और मुंबई नगर निगम के चुनाव के लिए तैयार रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिस तरीके से लोकसभा और विधान परिषद चुनाव में कार्यकर्ताओं ने मेहनत की है, उसी लय में आगे भी काम करना है।

### उद्धव ठाकरे ने की शिवसेना यूबीटी के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक

बांद्रा में रंग शारदा सभागृह में बुधवार को शिवसेना यूबीटी के कार्यकर्ताओं की बैठक उद्धव ठाकरे की अध्यक्षता में बुलाई गई थी। इस बैठक को संबोधित करते हुए उद्धव ठाकरे ने कहा कि कोरोना कालखंड में शिवसेना कार्यकर्ताओं ने बहुत अच्छा काम किया था, जिसकी प्रशंसा विश्व स्तर पर की गई थी। ठीक उसी तरह सभी शिवसेना कार्यकर्ताओं को विधानसभा और मुंबई नगर निगम चुनाव के लिए हर घर में जाना चाहिए । इसके साथ ही हर बूथ पर जाकर मतदाता लिस्ट की भी जांच करनी चाहिए। उद्धव ठाकरे ने कहा कि जिन मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में नहीं है, उनका नाम तत्काल शिवसेना कार्यकर्ता मतदाता सूची में दर्ज कराएं। साथ ही सभी शिवसेना पदाधिकारी क्षेत्र में नागरिकों के संपर्क में बने रहें। उद्धव ठाकरे ने कहा कि उनके और उनके बेटे आदित्य ठाकरे के विरोध में साजिश की गई। इसका भंडाफोड़ पूर्व मंत्री अनिल देशमुख ने पत्रकार वार्ता में किया है। इतना ही नहीं उनके घर पर लोगों को भेजकर प्रदर्शन करवाया गया। यह सब किसने किया, यह राज्य की जनता जानती है। इस तरह की साजिश करने वालों को हम किसी भी कीमत पर नहीं छोड़ेंगे। उद्धव ठाकरे ने कहा कि जो लोग शिवसेना और उनके विरुद्ध साजिश करते हैं, ऐसे लोगों को शिवसेना कार्यकर्ता करारा जवाब दें।



# मुंबई एयरपोर्ट पर फर्जी फ्लाइट टिकट के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार




दोपहर संवाददाता | मुंबई

मुंबई एयरपोर्ट परिसर में फर्जी फ्लाइट टिकट के साथ प्रवेश करने वाले एक व्यक्ति को सहार पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में पुलिस उस्मान मोहम्मद अनवर मोमिन (30 वर्ष) से गहन पूछताछ कर रही है। सहार पुलिस स्टेशन के एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि आरोपित उस्मान मोहम्मद मोमिन सोमवार शाम को मुंबई एयरपोर्ट में घुम रहा था। शक आने पर उसके टिकट की जांच की गई तो उसके पास मुंबई से नागपुर जाने विमान टिकट था। लेकिन टिकट देखने के बाद शक हुआ और टिकट की गहनता से जांच की गई तो वह टिकट फर्जी पाया गया। इसलिए एयरपोर्ट के सुरक्षा रक्षकों ने आरोपित को सहार पुलिस स्टेशन को सौंप दिया है। पुलिस अधिकारी के अनुसार मोमिन ने पूछताछ के दौरान बताया है कि उसकी दो महिला रिश्तेदार दुबई जा रही थीं, इसलिए उसने दोनों का चेक इन सुविधाजनक बनाने के लिए मुंबई-नागपुर फ्लाइट के लिए फर्जी टिकट बनाया था। फिलहाल मामले की छानबीन जारी है।

**बृहन्मुंबई महानगरपालिका**

**ठोस अपशिष्ट प्रबंधन विभाग (योजना)**

क्र. उप.मुख्य.अभि./2086/एसडब्लूएम/योजना दि.31/07/2024

**ई -निविदा सूचना**

| विभाग | :- | ठोस अपशिष्ट प्रबंधन |
|---|---|---|
| सेक्शन | :- | उप. मुख्य. अभि. (एसडब्लूएम) योजना |
| ई-निविदा संख्या | :- | बोली नं. 2024 एमसीजीएम 1061803_1 |
| विषय | :- | मुंबई में विभिन्न स्थानों पर स्थापित 19 भूमिगत डिब्बों के लिए 'गैर-व्यापक सेवाओं और रखरखाव' के लिए वार्षिक अनुबंध। |
| बोली आरंभ तिथि और समय | :- | 01/08/2024 को सुबह 11.00 बजे |
| बोली समाप्ति तिथि और समय | :- | 07/08/2024 को शाम 04.00 बजे तक |
| वेब साइट | :- | https://mahatenders.gov.in |
| संपर्क व्यक्ति | | |
| अ) नाम | :- | श्री. संजय मोहिते, ए. ई.(एस डब्लू एम) योजना |
| ब) टेलीफोन | :- | 022-23844450 |
| स) मोबाइल नं. | :- | 9833536088 |
| द) ई-मेल आईडी | :- | ee1swm.pl@mcgm.gov.in |

हस्ता.
पीआरओ/756/विज्ञा./2024-25 कार्य. अभि. (एसडब्लूएम) योजना

हल्का बुखार होने पर डॉक्टर से मिलें।

**बृहन्मुंबई महानगरपालिका**

**कार्यकारी अभियंता(परिवहन)पश्चिम उपनगर**

**ई-निविदा सूचना**

| निविदा दस्तावेज क्रमांक | निविदा आईडी न.2024_एमसीजीएम_1061375_1 |
|---|---|
| संगठन का नाम | बृहन्मुंबई महानगरपालिका |
| विषय | आवश्यकतानुसार पी/एस वार्ड में सफाई गतिविधियों के लिए डम्पर वाहनों को किराये पर लेना। |
| निविदा जांच शुल्क | रु.3,300.00+(18% जीएसटी) |
| निविदा सुरक्षा जमा (ईएमडी) | रु.23,300/- |
| निविदा जारी और बिक्री की तिथि | 31/07/2024 को सुबह 11.00 बजे से |
| अंतिम तिथि व समय निविदा बिक्री की और निविदा सुरक्षा जमा की रसीद | 07/08/2024 को शाम 04.00 बजे तक |
| तकनीकी एवं वित्तीय पैकेट प्रस्तुत करना (ऑनलाइन) | 07/08/2024 को शाम 04.00 बजे तक |
| तकनीकी पैकेट खोलना | 08/08/2024 को शाम 04.00 बजे के बाद |
| वित्तीय पैकेट खोलना | बाद में सूचित किया जाएगा |
| संपर्क के लिए पता | कार्यकारी अभियंता (परि.) डब्लू.एस., अपोजिट मिलन मॉल, मिलन सबवे रोड.ऑफ एस.वी.रोड., सांताक्रुज (पश्चिम) मुंबई-400054. फोन.022-26182252/53/54 ईमेल -trsg2008@yahoo.com |
| बोली खोलने का स्थान | कार्य. अभि. परि.(डब्लू.एस.) कार्यालय। |

यह निविदा दस्तावेज हस्तांतरणीय नहीं है।
यदि विषय ई-निविदा के लिए कोई परिशिष्ट और / या शुद्धिपत्र जारी किया जाता है, तो उसका विवरण ई-खरीद प्रणाली पर प्रकाशित / अपलोड किया जाएगा महाराष्ट्र सरकार (महाटेंडर्स) (https://mahatenders.gov.in). निविदाएं> ई निविदाएं> निविदाएं के अंतर्गत। संभावित बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे इसका ध्यान रखें।

एमसीजीएम किसी भी आवेदन को स्वीकार करने या उपरोक्त विषय के लिए प्राप्त किसी भी या सभी आवेदनों को बिना कोई कारण बताए अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

हस्ता./
पीआरओ/749/विज्ञा./2024-25 कार्य. अभि.(परि.) डब्लू.एस.आई/सी

समय पर उपचार, बचाएं प्राण।

संपादकीय

# इतिहास रच दिया संदेश

अब तक जो हरियाणा पदक जीतने वाले पहलवानों के लिये जाना जाता था, अब उसे निशानेबाजी की नई पहचान मिली है। रविवार को मनु भाकर ने 10 मीटर एयर पिस्टल शूटिंग के महिला वर्ग में कांस्य पदक जीत भारत के लिये पदकों की शुरुआत की। मंगलवार को मंगल हुआ और झज्जर की मनु और अंबाला के सरबजोत सिंह ने तीन दिन के भीतर दूसरा कांस्य पदक जीतकर पेरिस में दमखम दिखाने गए खिलाड़ियों के दल और देश का उत्साह बढ़ाया। मनु उस हरियाणा की हैं जो कभी लैंगिक भेदभाव के लिये जाना जाता था। हालांकि, अब हालात बदले हैं। मनु की दोहरी सफलता का संदेश साफ है कि 'बेटी पढ़ाओ, खूब खेलाओ।' मनु ने दो कांस्य पदक ही नहीं जीते, कई रिकॉर्ड भी अपने नाम किए। वह ओलंपिक में शूटिंग में पदक जीतने वाली पहली महिला खिलाड़ी ही नहीं बनी, बल्कि भारत की ओर से एक ही ओलंपिक में दो पदक हासिल करने वाली पहली खिलाड़ी भी बनी। मनु की यह उपलब्धि इस मायने में भी खास है कि टोक्यो ओलंपिक में उसकी पिस्टल में खराबी आने के कारण वह जीत के दरवाजे के बाहर से ही लौट आयी थी। वह लंबे समय तक तकनीकी कारणों से मिली असफलता के तनाव से जूझती रही। लेकिन उस असफलता के अवसाद को दरकिनार कर दोहरी सफलता पाना निश्चित रूप से तमाम युवाओं के लिये प्रेरणा की मिसाल है। दस मीटर एयर पिस्टल के मिक्स्ड टीम इवेंट में मनु और सरबजोत सिंह की कामयाबी भी कई मायनों में खास है क्योंकि उन्होंने कोरिया के दिग्गज खिलाड़ियों को हराकर यह सफलता हासिल की। कोरियाई टीम में एक वह शूटर भी शामिल थी जिसने रविवार के दस मीटर एयर पिस्टल वर्ग में नये ओलंपिक रिकॉर्ड के साथ गोल्ड मेडल जीता था। यह जीत इन खिलाड़ियों के मजबूत मानसिक स्तर की ही परिचायक है क्योंकि शूटिंग के खेल में गहरी मानसिक एकाग्रता व ऊंचे आत्मविश्वास की जरूरत होती है। वैसे मनु भाकर ने पिछली असफलता को पीछे छोड़कर आगे बढ़ने का जो जुनून दिखाया वह हर खिलाड़ी ही नहीं, बल्कि प्रत्येक व्यक्ति के लिये भी प्रेरणादायक है। दरअसल, वर्ष 2021 के टोक्यो ओलंपिक के दुःस्वप्न से मिली असफलता के चलते एक समय ऐसा भी आया कि मनु का मन शूटिंग से खिन्न होने लगा। वहीं मनु का कैरियर संवारने के लिये अपना मरीन इंजीनियर का कैरियर छोड़ने वाले पिता रामकिशन भाकर ने बेटी के सपनों को पूरा करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। उन्हें विश्वास था कि वर्ष 2018 में महिला विश्व कप में एक ही दिन में दो स्वर्ण पदक जीतने वाली मनु में खेल की अपार संभावनाएं छिपी हैं। तब उसने दो बार की विश्व विजेता मैक्सिको की खिलाड़ी को हराया था। इसी प्रदर्शन के बूते मनु ने टोक्यो ओलंपिक में जगह बनायी थी। टोक्यो ओलंपिक में नाकामी के बाद कोच जसपाल राणा से हुआ विवाद अब अतीत का किस्सा है। भगवद् गीता के सर्वकालिक संदेश कर्म किए जाने के मंत्र का अनुसरण करने वाली मनु ने कालांतर सोच बदली। एक साल में चार कोच आजमाने के बाद फिर पुराने कोच जसपाल राणा को याद किया। जसपाल भी जानते थे कि मनु में इतिहास की नई इबारत लिखने की संभावना निहित है। जसपाल भी अपनी अकादमी के सौ छात्रों को भुलाकर पेरिस में मनु को कामयाब बनाने में जुटे। निस्संदेह, देश में खिलाड़ियों की कमी नहीं है। जरूरत है उन्हें वह वातावरण देने की, जिसमें उनकी प्रतिभा में निखार आ सके। केंद्रीय खेल मंत्री के अनुसार, खेलो इंडिया कार्यक्रम के अंतर्गत केंद्र सरकार ने मनु भाकर की ट्रेनिंग में दो करोड़ रुपये खर्च किए। आर्थिक सहायता से मनपसंद का कोच रखना संभव हुआ। प्रशिक्षण के लिये जर्मनी व स्विट्ज़रलैंड भेजा गया। देश को मनु से एक और पदक की दरकार है। अभी पेरिस में मनु की प्रिय स्पर्धा पच्चीस मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा बाकी है। उम्मीद करें की एक सौ चालीस करोड़ देशवासियों की उम्मीदों पर मनु फिर खरी उतरेगी। विश्वास करें कि देश की तमाम महिला खिलाड़ियों को मनु की इस सफलता से संबल मिलेगा। देश में महिला खेलों की स्थितियों में सुधार लाना सरकार की भी प्राथमिकता होनी चाहिए।

## शख्सियत — कमला नेहरू

### सबसे उल्लेखनीय राजनीतिक हस्ती



कमला नेहरू भारत और दुनिया की सबसे उल्लेखनीय राजनीतिक हस्तियों में से एक, जवाहरलाल नेहरू की पत्नी थीं। भारत की आजादी की राह के प्रमुख चेहरों में से एक और बाद में भारत के पहले प्रधान मंत्री की पत्नी के रूप में जानी जाती रहीं। कमला नेहरू की भी अंग्रेजों के साथ भारत के संबंधों को बनाए रखने और औपनिवेशिक शासकों के गलत कार्यों का विरोध करने में महत्वपूर्ण भूमिका थी। यद्यपि एक रूढ़िवादी परिवार में पली-बढ़ी, कमला नेहरू ने नेहरू परिवार में प्रवेश करने के बाद अपनी खुद की पकड़ बनाई और जल्द ही स्वतंत्रता के लिए राष्ट्रीय संघर्ष में एक ताकत के रूप में उभरीं।

कमला नेहरू का जन्म 1 अगस्त वर्ष 1899 में दिल्ली में रहने वाले कश्मीरी ब्राह्मणों के एक परिवार में हुआ था। उनका पालन-पोषण रूढ़िवादी माहौल में हुआ था। कमला नेहरू ने 7 फरवरी, 1916 को एक व्यवस्थित पारंपरिक हिंदू विवाह समारोह में जवाहरलाल नेहरू से शादी की। जवाहरलाल नेहरू उस समय भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के नेता थे। नेहरू ने महात्मा गांधी की पत्नी कस्तूरबा गांधी के साथ घनिष्ठ संबंध साझा किए और कुछ समय के लिए उनके आश्रम में भी रहे। इसी आश्रम में कमला नेहरू की बिहार की स्वतंत्रता सेनानी प्रभावती देवी से गहरी दोस्ती हुई। फरवरी 1916 में जवाहरलाल नेहरू से अपनी शादी के बाद कमला नेहरू ने उस राष्ट्रीय संघर्ष और राजनीति को समझा, जिसका उनके पति अभिन्न अंग थे। अपने सभी संकोचों को त्यागकर, कमला नेहरू स्वतंत्रता की लड़ाई में नेतृत्व प्रदान करने वाली एक मजबूत महिला के रूप में उभरीं। 1921 के असहयोग आंदोलन में कमला नेहरू का स्वतंत्रता संग्राम में प्रवेश हुआ। उन्होंने इलाहाबाद में बड़ी संख्या में महिलाओं को शहर में विदेशी कपड़े और शराब बेचने वाली दुकानों पर धरना देने के लिए अपने साथ आने के लिए राजी किया। जवाहरलाल नेहरू को ब्रिटिश सरकार के साथ सहयोग न करने और औपनिवेशिक शासकों को बदनाम करने के उद्देश्य से एक सार्वजनिक भाषण देने की योजना बनाने के लिए सलाखों के पीछे डाल दिया गया था। वह कमला नेहरू थीं, जिन्होंने अपने पति की जगह पर सार्वजनिक मंच संभाला और जवाहरलाल नेहरू का पूरा भाषण पढ़ा। अंग्रेजों को जल्द ही एहसास हुआ कि कमला नेहरू उनके लिए खतरा हैं और वह पूरे भारत में महिला समूहों के बीच कितनी लोकप्रिय हो गई हैं। इस प्रकार स्वतंत्रता संग्राम की गतिविधियों में शामिल होने के कारण उन्हें दो बार गिरफ्तार किया गया। कमला नेहरू ने 28 फरवरी, 1936 को अंतिम सांस ली। वह लंबे समय से तपेदिक से पीड़ित थीं, जो उनकी असामयिक मृत्यु का कारण बनी।

# कोचिंग हादसे का 'असली' जिम्मेदार कौन?




क्या दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल, तिहाड़ जेल से ही, अपनी सरकार की जवाबदेही स्वीकार करेंगे? क्या वह यह भी स्वीकार करेंगे कि उनकी आम आदमी पार्टी (आप) दिल्ली में सरकार और नगर निगम चलाने लायक नहीं है? क्या केजरीवाल अब दिल्ली वालों का आह्वान करेंगे कि चुनाव में 'आप' को बहुमत न दिया जाए? राजधानी दिल्ली में तीन युवाओं की जो दर्दनाक, त्रासद मौतें हुई हैं या ऐसे ही हादसे हो रहे हैं, क्या उनके पीछे भी प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा की साजिश है? दिल्ली में मुख्यमंत्री केजरीवाल के नेतृत्व में निर्वाचित सरकार है। जेल में बंद होने के बावजूद वह मुख्यमंत्री हैं। सर्वोच्च अदालत के नैतिक संकेत के बावजूद केजरीवाल मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने को तैयार नहीं हैं। सरकार में उपमुख्यमंत्री रहे मनीष सिसोदिया भी जेल में हैं। जो बचे-खुचे मंत्री हैं, वे सिर्फ बयानवीर हैं अथवा उपराज्यपाल पर दोषारोपण करने वाले नेता हैं। वे 'बेचारगी के प्रतिनिधि' हैं, जो बयान देने या जांच की लीपापोती के अलावा कुछ नहीं कर सकते। तो फिर 'मंत्री' क्यों बने बैठे हैं? इस्तीफा देकर, सडक़ पर उतर कर, लोकतंत्र की लड़ाई क्यों नहीं लड़ते? दिल्ली में सरकार 'आप' की है और नगर निगम पर भी वह काबिज है। मेयर शैली ओबरॉय 'आप' की ही नेता हैं। इन जवाबदेहियों का जिक्र इसलिए करना पड़ रहा है या ये सवाल इसलिए उठाए जा रहे हैं कि राजधानी दिल्ली में विधानसभा स्तर पर जो सरकार है, वह गायब है, लिहाजा स्थानीय दिल्ली 'अनाथ' महसूस कर रही है। तीन युवा छात्रों की पानी के तेज बहाव में, एक इमारत के बेसमेंट में फंस कर, मौत हो गई। यह आपदा या हादसा नहीं, हत्याकांड है। उस इमारत में आईएएस की कोचिंग देने वाला प्रख्यात केंद्र चलता है, जिसके बड़े-बड़े विज्ञापन अखबारों में छपते हैं और युवा छात्रों को आकर्षित करते रहे हैं। यह केंद्र कोचिंग देने की फीस लाखों में लेता है, लेकिन सुविधा और सुरक्षा की कोई गारंटी नहीं है। उस इमारत के बेसमेंट में लाइब्रेरी बनाई गई है, जो कानूनन अवैध है। जो छात्र बच गए हैं, उनकी नियति ही ऐसी थी, अलबत्ता पानी का बहाव किसी बाढ़ से कम नहीं था।

वहां इतना तेज पानी कैसे घुसा? इसी सवाल के गर्भ में तमाम भ्रष्टाचार और कदाचार निहित हैं। दिल्ली विश्वविद्यालय के पास मुखर्जी नगर की वह घटना आज भी याद आती है, जब आग से बचने के लिए युवा छात्रों ने खिड़कियों से ही छलांग लगा दी थी अथवा किसी रस्सी के सहारे, जलते हुए कमरे से, बाहर कूद पाए थे। कुछ मौतें भी हुई थीं। वहां भी आईएएस, आईपीएस बनने का सपना पाले युवा छात्र पढ़ते हैं। वहां भी बंदप्रायः कोचिंग सेंटर में आग लगी थी। अभी 4-5 दिन पहले दिल्ली के पटेल नगर में एक युवा करंट की चपेट में आकर मारा गया। वह भी आईएएस की तैयारी कर रहा था। ये आपराधिक नाकामियों की भयावह कथाएं हैं, लापरवाही को नंगा करती हैं, आखिर दिल्ली में ये हत्याकांड क्यों हो रहे हैं? व्यवस्था और निगरानी की बुनियादी और प्राथमिक जिम्मेदारी किसकी है? जाहिर है कि केजरीवाल की सरकार और 'आप' के नगर निगम की जिम्मेदारी है। ड्रेनेज सिस्टम और नालों की सफाई कौन देखेगा? दिल्ली में तो इतनी बारिश भी नहीं हुई है कि व्यवस्थाएं ही डूब जाएं। आईएएस कोचिंग सरीखे 550 से अधिक केंद्र दिल्ली में चल रहे हैं, जिनमें से 60-65 ही पूरी तरह 'वैध' हैं। अधिकतर इमारतों में अग्नि-सुरक्षा के न तो बंदोबस्त हैं और न ही प्रमाणपत्र हैं। उनका कोई क्या बिगाड़ सकता है, क्योंकि ऊपर तक 'मुंह में दही' जमाई हुई है। अब ये नजराने किस स्तर तक दिए जाते रहे हैं, यह जांच का विषय है, जिसका कोई ठोस निष्कर्ष कभी सामने नहीं आएगा। इस हत्याकांड के बाद युवाओं में आक्रोश है, वे विद्रोह पर उतारू हैं, हत्या का केस दर्ज किए जाने के आग्रह कर रहे हैं।

अब प्रशासन ने इमारतों के ऑडिट करने का फैसला लिया है। उससे भी क्या होगा, क्योंकि प्रशासन ने ही आंखें मूंदी हुई हैं, कान भी बंद कर रखे हैं, संज्ञान पर सन्नाटा छाया है। शोकाकुल माता-पिता इक_ होकर प्रधानमंत्री आवास पर जाएं और उन्हें मुलाकात के लिए बाध्य करें, ताकि राजधानी में कमोबेश युवा छात्रों की कोचिंग वाले केंद्रों की व्यवस्था नए सिरे से दुरुस्त कराई जा सके। दिल्ली के उप राज्यपाल छात्रों से मिले हैं और उनकी समस्याओं का संज्ञान लिया है। उपराज्यपाल और केजरीवाल सरकार, दोनों को इस विषय में सोचना होगा। छात्रों के लिए सुरक्षित माहौल उपलब्ध करवाना दोनों की जिम्मेदारी है क्योंकि शासन पर दोनों का ही अधिकार है। ऐसे हादसे दोबारा न हों, इसके लिए कारगर व्यवस्था करनी होगी।

## सहज योग — आत्मा के गुण, अबोधिता, पवित्रता



जब आप निर्विचार चेतना में होते हैं, तो आप प्रतिक्रिया नहीं करते और न ही गवत चीजों से लिप्त होते हैं। आप चीजों को केवल देखते हैं। तब आपमें अन्तर्निहित अबोधिता अत्यंत सुंदरता पूर्वक जागृत होती हैं, बिल्कुल वैसे ही जैसे गंदे पानी के तालाब से कमल खिलता हैं।

अबोधिता आत्मा है और आत्मा ही अबोधिता है, जिसे कोई भी नष्ट नहीं कर सकता। सहजयोग के माध्यम से (मूलाधार चक्र के शुध्दीकरण से )अबोधिता को पुनर्स्थापित क्रिया जा सकता है। सहजयोग अबोध बनने की उपयुक्त विधि है। हमारी निर्विचार चेतना से अबोधिता विकसित होती है। जब आप निर्विचार चेतना में होते हैं, तो आप प्रतिक्रिया नहीं करते और न ही गवत चीजों से लिप्त होते हैं। आप चीजों को केवल देखते हैं। तब आपमें अन्तर्निहित अबोधिता अत्यंत सुंदरता पूर्वक जागृत होती हैं, बिल्कुल वैसे ही जैसे गंदे पानी के तालाब से कमल खिलता हैं। पवित्रता आनंदमयी है, केवल आनन्दमयी ही नहीं, यह पूरे व्यक्तित्व को सुगंधमय कर देती हैं। दृष्टि की पवित्रता और विचारों की पवित्रता, आपकी दृष्टि यदि पवित्र हैं, तभी आप परमात्मा के प्रेम का आनंद उठा सकते हैं अन्यथा नही, पावन प्रेम में वासना और लोभ का कोई स्थान नहीं होता, जैसा कि मेरा नाम दर्शाता हैं। आप मेरे बच्चे हैं। आप निर्मल के बच्चे हैं, अर्थात पावनता के। पावनता ही आपके जीवन का आधार है। जैसे ही आपका गणेश तत्व जमना शुरू होते जाएगा। आनंद अंदर से आने लग जाता है। क्योंकि तत्व निर्मल है, पवित्र है। इसलिए अपने गणेश तत्व (मूलाधार चक्र) को आपको बहुत सुधारू रूप से संम्भालना चाहिए। अबोधिता, श्री गणेश हमारे अन्दर अबोधिता के स्त्रोत हैं।अबोधिता ऐसी शक्ति है, जो आपकी रक्षा करती है और ज्ञान का प्रकाश प्रदान करती है। यही अबोधिता आपको अन्य लोगों से प्रेम करना, उनकी देखभाल करना, उनके प्रति भद्र होना सिखती है। अबोधिता में भय बिलकुल भी नहीं होता। जैसे बच्चा अपनी अबोधिता में जानता है कि उसकी देखभाल हो रही है और वह सुरक्षित है। वह जानता है कि कोई शक्ति है जो बहुत ऊंची है। उसे चिन्ता करने की कोई आवश्यकता नहीं है। अबोधिता की यह पहचान है कि मनुष्य को सभी में पवित्रता दिखाई देती है, क्योंकि अपने आप पवित्र होने के कारण वह अपवित्र नजरों से किसी को नहीं देखता है।अबोधिता पूर्ण सच्चा विवेक है। किसी मकसद के लिए यह कार्य नहीं करता, यह निर्व्याज हैं,पूर्ण निःस्वार्थ होने के कारण यह आनंद की ऊंचाईयों को प्राप्त कर लेता है। अबोधिता ही आपको नैतिक शक्ति तथा नैतिक सूझबूझ प्रदान करती है। अबोधिता में व्यक्ति को शांत करने की शक्ति है, अत्यंत शांत, क्रोध और हिंसाविहीन अबोध व्यक्ति निश्चित होता है और निश्छल जीवन-यापन करता है। आध्यात्मिक व्यक्ति अबोध होता है।अबोध,उसमें चालाकी नहीं होती। अबोधिता ही सभी कुछ है। व्यक्ति जो कुछ भी बोलता है,कहता है, यह अबोधिता से ही आता है, इसमें पुस्तकों से पर्यावरण की हुई बौद्धिकता नहीं होती। ऐसा कुछ भी नहीं होता इसमें तो केवल शुध्द और सहज अबोधिता होती है जो बहुत अच्छी तरह कार्य करती है।

प्रस्तुति : धीरज सिंह

## जीवन ऊर्जा — बाल गंगाधर तिलक : निधन- 1 अगस्त 1920 — देहावसान

लोकमान्य तिलक का जन्म 23 जुलाई 1856 को ब्रिटिश भारत में वर्तमान महाराष्ट्र स्थित रत्नागिरी जिले के एक गांव चिखली में हुआ था। वह भारतीय राष्ट्रवादी, शिक्षक, समाज सुधारक, वकील और एक स्वतन्त्रता सेनानी थे। लोकमान्य तिलक ने इंग्लिश मे मराठा व मराठी में केसरी नाम से दो दैनिक समाचार पत्र शुरू किए जो जनता में बहुत लोकप्रिय हुए। उन्होंने एक नारा दिया था जो है, 'स्वराज्य मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है और मैं इसे लेकर रहूंगा। 1 अगस्त 1920 को उनकी मुंबई में मृत्यु हुई थी।

### आप केवल कर्म करते जाइए, उसके परिणामों पर ध्यान मत दीजिए



स्वराज मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है और मैं इसे लेकर रहूंगा। जीवन एक ताश के खेल की तरह है। सही पत्तों का चयन हमारे हाथ में नहीं है, लेकिन हमारी सफलता निर्धारित करने वाले पत्ते खेलना हाथ में है। अगर आप रुके और हर भौंकने वाले कुत्ते पर पत्थर फेंकेंगे तो आप कभी अपने गंतव्य तक नहीं पहुंचेंगे। बेहतर होगा कि हाथ में बिस्किट रखें और आगे बढ़ते जाएं। अगर भगवान अस्पृश्यता बर्दाश्त करता है तो मैं उसे भगवान नहीं कहूंगा। एक अच्छे अखबार के शब्द अपने आप बोल देते हैं। यह सच है कि बारिश की कमी के कारण अकाल पड़ता है, लेकिन यह भी सच है कि भारत के लोगों में इस बुराई से लड़ने के ताकत नहीं है। भारत की गरीबी पूर्ण रूप से वर्तमान सरकार के कारण है। आपके विचार सही, लक्ष्य ईमानदार और प्रयास संवैधानिक हों तो मुझे पूर्ण विश्वास है कि आपकी सफलता निश्चित है। ईश्वर की यही इच्छा हो सकती है कि मैं जिस उद्देश्य का प्रतिनिधित्व करता हूं वो मेरे आजादी में रहने से ज्यादा मेरी पीड़ा में अधिक समृद्धि हो। कमजोर नहीं बल्कि शक्तिशाली बनें और यह विश्वास रखें की ईश्वर हमेशा आपके साथ है। जीवन एक ताश के खेल की तरह है, सही पत्तों का चयन हमारे हाथ में नहीं है, लेकिन ताश के पत्तों के साथ अच्छा खेलना हमारी सफलता को निर्धारित करता है। जब लोहा गरम हो तभी उस पर चोट कीजिये, आपको निश्चय ही सफलता का यश प्राप्त होगा। आपका लक्ष्य किसी जादू से नहीं पूरा होगा, बल्कि आपको ही अपना लक्ष्य प्राप्त करना पड़ेगा। मुश्किल समय में खतरों और असफलताओं से बचने का प्रयास मत कीजिए, वे तो निश्चित रूप से आपके मार्ग में आयेंगे ही। हम हमारे सामने सही रास्ते के प्रकट होने के इंतजार में अपने दिन खर्च करते हैं, लेकिन हम भूल जाते हैं कि रास्ते इंतजार करने के लिए नहीं, बल्कि चलने के लिए बने हैं। अगर आप रास्ते में रुक कर हर भौंकने वाले कुत्ते पर पत्थर फेंकेंगे, तो आप कभी अपने गंतव्य तक नहीं पहुंच पाएंगे। बेहतर होगा कि हाथ में बिस्कुट रखें और आगे बढ़ते जाएं। महान उपलब्धियां कभी भी सरलता से नहीं मिलती और सरलता से मिली उपलब्धियां महान नहीं होतीं। आप केवल कर्म करते जाइए, उसके परिणामों पर ध्यान मत दीजिए।

## सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश



### सत्य तू है असत्य संसार है



एक राजा के पास राजा के गुरु आये। राजा ने बड़ा आदर सत्कार किया। एक बड़ी सुवर्ण की थाली लेकर सुंदर रेशमी कपड़े और रेशमी जूता और धन थाली में डालकर गुरुदेव के सम्मुख रखा।

तब गुरुदेव ने कहा राजन यह सामान किस के लिए है तब राजा ने कहा प्रभु यह आपके अर्पण हैं। तब गुरु ने मन ही मन सोचा हम संन्यासी हैं। हमारा इस सामान से क्या लेना-देना। चलो इस बदले राजा को कुछ विचार देना चाहिए!

तब गुरु ने कहा राजन यह सुंदर कपड़े सुंदर दोशाला और सुंदर जूते पहन ले तो हम सन्यासी नहीं रहेंगे। फिर हम सन्यासी से सेठ बन जाएंगे। अगर तू प्रेम प्यार से देना ही चाहता है यह सामान। फिर तुझे चार घोड़े व वग्गी का प्रबंध करना होगा। राजा ने कहा यह आज ही हो जाएगा। तब स्वामी ने कहा वग्गी रखने के लिए एक सुंदर महल की जरूरत होगी। राजा ने कहा प्रभु वह भी हो जाएगा! तब स्वामी ने कहा राजा इतने बड़े महल में मैं अकेला कैसे रह सकूंगा फिर तुम्हें मेरी शादी करानी होगी और शादी के बाद बच्चे भी हो जाएंगे उनके लिए भी खर्चा पानी चाहिए और बच्चे बीमार हो जाएंगे तो डॉक्टर की दवाइया भी चाहिए राजा ने कहा वह भी हो जाएगा तब गुरुदेव ने कहा कल को कोई बच्चा मर जाता है तो रोएगा कौन? तब राजा ने कहा गुरुदेव रोना तो आपको ही पड़ेगा। तब गुरु ने कहा यह सामान पाकर मुझे कल रोना है तो मैं जैसा हूं वैसा ही ठीक हूं। राजा के विचार की आंख खुल गई कि सांसारिक पदार्थ सुख देने वाले नहीं मिल तो जाते हैं फिर उनको पाकर रोना पड़ता है। राजा गुरुदेव के चरणों में गिरकर क्षमा मांगने लगा। तब गुरुदेव कहने लगे राजन असलियत को समझ जो कुछ है वह खोटा सोना है। उसके ऊपर असल की पालिश हो रही हे। विचार रूपी बुद्धि से काम लें। सत्य असत्य की परख कर सत्य तू है असत्य संसार है। यह तेरी बुद्धि में कल्पना रूप में विराजमान है। कल्पना को कल्पना समझ यही सच्चा ज्ञान है। जब सर्वनाम रूप तुझ अधिष्ठान में कल्पना रूप से विराजमान है। तो डर किस बात का हे। और साथ में इस बात को समझ की कल्पित वस्तु अधिष्ठान का रुप होती है। अधिष्ठान से अलग नहीं हो सकती। ऐसे ही राजन 33 करोड़ देवी देवता लोक परलोक मुझ रूपी अधिष्ठान में कल्पित हैं। यह कल्पित मोत याम कल को जिव में सत्य मान कर उस से भयभीत हो रहा है। जैसे मिट्टी का शेर बच्चा सत्य समझकर डरता है। ऐसी कल्पित को कल्पित जानना और अधिष्ठान को अधिष्ठान रूप से अनुभव करना। यही सच्चा ज्ञान है और तू है। इस ख्याली रचना को सत्य मत मान। तुम में न जन्म है न मरण है। फिर जन्म मरण की चट्टानों से टकरा कर अपना सत्यानाश क्यों कर रहा है !

जैसे कुम्हार मिट्टी के देवी-देवता बनाता है वह जानता है कि यह कल्पना है। फिर कुम्हार अपनी कल्पना से भयभीत कैसे होगा। उठ विचार के नेत्र खोलकर निर्भय अवस्था को प्राप्त कर। यही तेरा लक्ष्य है और यही सच्चाई तेरे अंतरात्मा का ज्ञान है



पंडित कैलाशचंद्र शर्मा
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556

## प्रेरक प्रसंग

### कंजूस आदमी

एक नगर में आनंद नाम का बहुत ही धनवान व्यक्ति रहता था। आनंद जितना धनवान था उतना ही कंजूस भी था। उसने अपने पुत्र मोहन को भी अपने जैसा कंजूश बना रखा था। जीवन भर कंजूस



की जिंदगी जीने के बाद जब आनंद की मृत्यु हो गयी तो उसने मरकर कुत्ते की योनि में जन्म लिया। एक दीन वह अपने मनुष्य जन्म के पुत्र मोहन के मकान के सामने से गुजरा। तब उसे पूर्व जन्म की स्मृति हुई। उसे लगा की अरे यह तो मेरा ही घर है मेरी ही संपत्ति है मेरा ही पुत्र है, यह सोचते हुए वह कुत्ता बेधड़क उस घर में घुस गया और रसोई में जाकर भोजन को खाने लगा। बर्तनों की आवाज सुनकर दूसरे कमरे में बैठे मोहन को संदेह हुआ। वह रसोई घर में पंहुचा और देखा की एक कुत्ता भोजन को खा रहा है। मोहन को उस कुत्ते के दुस्साहस पर हुस्सा आया, उसने लाठी उठाई और उस कुत्ते की खूब पिटाई की। पिटाई इतनी हुई की कुत्ते की कमर ही टूट गयी, अब वह न तो भाग पा रहा और ना हि चल पा रहा था। तब उसे अपने पूर्व जन्म के आचरण और अपने बेटे के परवरिश पर पछतावा हुवा। कहानी का तात्पर्य यह की मनुष्य मेरा पुत्र मेरा धन करके इतराता रहता है, जब मनुष्य अपने खुद का नहीं हो सकता तो धन और पुत्र वो कहा तक साथ देंगे।

## सुविचार



ब्रह्मांड की सारी शक्तियां पहले से हमारी हैं। वो हमी हैं, जो अपनी आंखों पर हाथ रख लेते हैं और फिर रोते हैं कि कितना अंधकार है।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुणलाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडस्ट्रियल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com कार्यकारी संपादक : राजा आदाटे (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)।




# जूनियर डिजिटल मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव बनें

जूनियर डिजिटल मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव के रूप में करियर शुरू करना रोमांचक है। डिजिटल मार्केटिंग तेज़ी से बढ़ रही है, जो सीखने और आगे बढ़ने के कई अवसर प्रदान करती है। इस भूमिका में सफल होने और अपने भविष्य के करियर के लिए एक मज़बूत नींव बनाने में आपकी मदद करने के लिए यहां कुछ आसान टिप्स दिए गए हैं।



### 1. मूल बातें समझें

डिजिटल मार्केटिंग में उतरने से पहले, मूल बातें समझना ज़रूरी है। सोशल मीडिया, ईमेल मार्केटिंग, सर्च इंजन ऑप्टिमाइज़ेशन (SEO) और पे-पर-क्लिक (PPC) विज्ञापन जैसे विभिन्न डिजिटल मार्केटिंग चैनलों के बारे में जानें। बुनियादी बातों को जानने से आपको आगे बढ़ने के लिए एक मज़बूत आधार मिलेगा।

### 2. अपडेट रहें

डिजिटल मार्केटिंग हमेशा बदलती रहती है। नए टूल, प्लेटफ़ॉर्म और ट्रेंड हर समय सामने आते रहते हैं। ब्लॉग पढ़कर, वेबिनार देखकर और सोशल मीडिया पर इंडस्ट्री एक्सपर्ट को फ़ॉलो करके अपडेट रहें। हबस्पॉट, मोज़ और नील पटेल के ब्लॉग जैसी वेबसाइटें बेहतरीन संसाधन हैं।

### 3. व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करें

सिद्धांत महत्वपूर्ण है, लेकिन व्यावहारिक अनुभव भी बहुत ज़रूरी है। वास्तविक प्रोजेक्ट पर काम करने की कोशिश करें। आप किसी मित्र या परिवार के सदस्य को उनके व्यवसाय के सोशल मीडिया में मदद करके या अपना खुद का ब्लॉग या वेबसाइट बनाकर शुरुआत कर सकते हैं। व्यावहारिक अनुभव आपको यह समझने में मदद करेगा कि वास्तविक दुनिया में डिजिटल मार्केटिंग कैसे काम करती है।

### 4. टूल का उपयोग करना सीखें

डिजिटल मार्केटिंग में कई टूल हैं जो आपके काम को आसान बना सकते हैं। Google Analytics, Hootsuite, Mailchimp और SEMrush जैसे टूल का उपयोग करना सीखें। ये टूल आपको डेटा का विश्लेषण करने, पोस्ट शेड्यूल करने, ईमेल भेजने और सर्च इंजन के लिए अपनी सामग्री को ऑप्टिमाइज़ करने में मदद करते हैं।

### 5. अच्छे संचार कौशल विकसित करें

डिजिटल मार्केटिंग में संचार महत्वपूर्ण है। आपको कंटेंट लिखने, रिपोर्ट बनाने और क्लाइंट या टीम के सदस्यों से बात करने की आवश्यकता होगी। अपने लेखन और बोलने के कौशल को बेहतर बनाने पर काम करें। अच्छा संचार आपको अपने विचारों को स्पष्ट रूप से व्यक्त करने और अपने दर्शकों के साथ मजबूत संबंध बनाने में मदद करता है।

### 6. रचनात्मक बनें

डिजिटल मार्केटिंग केवल नियमों का पालन करने के बारे में नहीं है। यह रचनात्मक होने के बारे में भी है। अपने दर्शकों तक पहुँचने के नए और दिलचस्प तरीकों के बारे में सोचें। चाहे वह एक आकर्षक सोशल मीडिया पोस्ट हो, एक अनूठा ब्लॉग विषय हो या एक आकर्षक ईमेल अभियान हो, रचनात्मकता आपको दूसरों से अलग कर सकती है।

### 7. पेशेवरों के साथ नेटवर्क करें

डिजिटल मार्केटिंग में नेटवर्किंग बहुत महत्वपूर्ण है। ऑनलाइन समुदायों में शामिल हों, वेबिनार में भाग लें और स्थानीय मार्केटिंग कार्यक्रमों में भाग लें। नेटवर्किंग आपको दूसरों से सीखने, सलाह लेने और नए अवसर खोजने में मदद करती है। लिंक्डइन आपके क्षेत्र के पेशेवरों से जुड़ने के लिए एक बेहतरीन प्लेटफ़ॉर्म है।

### 8. सीखते रहें

डिजिटल मार्केटिंग एक ऐसा क्षेत्र है जहाँ आपको सीखते रहना चाहिए। ऑनलाइन कोर्स करें, वर्कशॉप में भाग लें और डिजिटल मार्केटिंग के बारे में किताबें पढ़ें। कोर्सेरा, उडेमी और Google के डिजिटल गैराज जैसे प्लेटफ़ॉर्म कई ऐसे कोर्स ऑफ़र करते हैं जो आपके कौशल को बेहतर बनाने में आपकी मदद कर सकते हैं।

### 9. धैर्य रखें और लगातार काम करें

डिजिटल मार्केटिंग में सफलता रातोंरात नहीं मिलती। इसमें समय और मेहनत लगती है। धैर्य रखें और कड़ी मेहनत करते रहें। अगर आपको तुरंत परिणाम नहीं दिखते हैं तो निराश न हों। दृढ़ता के साथ, आप सुधार करेंगे और अपने लक्ष्य प्राप्त करेंगे।



नीलम रामअवध

# IDFC First Bank ने कस्टमर सर्विस एग्जीक्यूटिव की वैकेंसी निकाली

## ग्रेजुएट करें अप्लाई, जॉब लोकेशन नोएडा

IDFC First Bank ने कस्टमर सर्विस एग्जीक्यूटिव के पोस्ट पर वैकेंसी निकाली है। यह पोजिशन क्रेडिट कार्ड डिपार्टमेंट में है। इस पोस्ट पर शॉर्टलिस्ट किए गए कैंडिडेट्स के ऊपर कस्टमर्स और अन्य स्टेकहोल्डर्स के क्रेडिट कार्ड्स से जुड़ी जरूरतों को एड्रेस करने की जिम्मेदारी होगी।




### रोल और रिस्पॉन्सिबिलिटी

- सर्विस क्वालिटी मेंटेन करना।
- एवरेज हैंडलिंग टाइम बनाए रखना।
- फर्स्ट कंटैक्ट रिजोल्यूशन बनाए रखना।
- सभी कस्टमर्स के रिक्वेस्ट्स के लिए TAT बनाए रखना।
- रिवेन्यू जनरेशन के लिए आइडेंटिफाई किए गए प्रोडक्ट्स की अपसेलिंग करना।
- कैंडिडेट को एक्सीलेंट कस्टमर सर्विस प्रोवाइड करना और कस्टमर सर्विस एक्सपीरियंस में सुधार करना।

### एजुकेशनल क्वालिफिकेशन

किसी भी स्ट्रीम में बैचलर्स की डिग्री होनी चाहिए।

### एक्सपीरियंस

कैंडिडेट्स के पास 2 से 5 सालों का वर्क एक्सपीरियंस होना चाहिए।

### सैलरी स्ट्रक्चर

अलग-अलग सेक्टर्स की जॉब सैलरी बताने वाली वेबसाइट एम्बीशन बॉक्स (Ambition-Box) के मुताबिक, IDFC First Bank में कस्टमर सर्विस एग्जीक्यूटिव की सलाना एवरेज सैलरी 3.4 लाख रुपए तक हो सकती है।

### जॉब लोकेशन

इस पोस्ट की जॉब लोकेशन नोएडा, उत्तर प्रदेश है।

### अप्लाई करने का डायरेक्ट लिंक

आप नीचे दिए गए लिंक पर क्लिक करके इस पोस्ट के लिए अप्लाई कर सकते हैं।




### कंपनी के बारे में

IDFC फर्स्ट बैंक (पूर्व में IDFC बैंक) एक प्राइवेट सेक्टर का बैंक है। यह 18 दिसंबर, 2018 को इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट फाइनेंस कंपनी और कैपिटल फर्स्ट, जो कि एक इंडियन नॉन-बैंक फाइनेंसिअल इंस्टीट्यूशन था, के विलय से बना। इसका हेडक्वार्टर मुंबई में है। यह डायनमिक और कम एनुअल परसेंटेज रेट के साथ लाइफ टाइम फ्री क्रेडिट कार्ड को ऑफर करने वाला पहला यूनिवर्सल बैंक है।

# JKSSB ने कॉन्स्टेबल भर्ती के लिए आवेदन की तारीख बढ़ाई, अब 8 अगस्त से करें अप्लाई, 4002 पदों पर भर्ती

**जम्मू और कश्मीर सर्विस सिलेक्शन बोर्ड (JKSSB) की ओर से कॉन्स्टेबल के 4 हजार से अधिक पदों पर भर्ती का नोटिफिकेशन जारी किया गया है। पहले इस भर्ती के लिए आवेदन प्रक्रिया 30 जुलाई से शुरू होने वाली थी जिसे 8 अगस्त 2024 कर दिया गया है। उम्मीदवार वेबसाइट jkssb.nic.in जाकर आवेदन कर सकेंगे।**

**वैकेंसी डिटेल्स :**

कॉन्स्टेबल (एसडीआरएफ) : 100 पद
कॉन्स्टेबल (टेलिकम्युनिकेशन) : 502 पद
कॉन्स्टेबल (आर्म्ड/आईआरपी) : 1689 पद
कॉन्स्टेबल (फोटोग्राफर) : 22 पद
कॉन्स्टेबल एग्जीक्यूटिव पुलिस (जम्मू डिवीजन) : 1249 पद
कॉन्स्टेबल एग्जीक्यूटिव पुलिस (कश्मीर डिवीजन) : 440 पद

**क्वालिफिकेशन :** 10वीं पास।

### आयु सीमा

न्यूनतम : 18 साल
अधिकतम : 28 साल
अधिकतम आयु सीमा में सरकारी नियमों के अनुसार छूट दी जाएगी।

**सैलरी :** 19,900 - 63,200 रुपए प्रतिमाह।

### सिलेक्शन प्रोसेस

लिखित परीक्षा
फिजिकल फिटेनस टेस्ट (PFT)
फिजिकल एन्ड्योरेंस टेस्ट (PET)



मेडिकल एग्जामिनेशन
सभी चरणों में सफल उम्मीदवारों की फाइनल मेरिट लिस्ट जारी की जाएगी।

### फीस

अनुसूचित जनजाति/अनुसूचित जातिः 700 रुपए
एससी, एसटी-1, एसटी-2 और ईडब्ल्यूएसः 600 रुपए

### जरूरी डॉक्यूमेंट्स

उम्मीदवार का आधार कार्ड
उम्मीदवार का पैन कार्ड
10वीं की मार्कशीट
निवास प्रमाण पत्र
जाति प्रमाण पत्र
आय प्रमाण पत्र
मोबाइल नंबर
पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ आदि।

### ऐसे करें आवेदन

ऑफिशियल वेबसाइट jkssb.nic.in पर जाएं।
होम पेज पर भर्ती से संबंधित लिंक पर क्लिक करें।
रजिस्ट्रेशन करके अन्य डिटेल्स दर्ज करें।
फीस जमा करके फॉर्म सब्मिट करें।
फॉर्म का एक प्रिंटआउट निकालकर रख लें।

# जेल वार्डर और जेल मेट्रन के पदों पर बंपर भर्ती, 12वीं पास करें आवेदन

पंजाब अधीनस्थ सेवा चयन बोर्ड (पीएसएसएसबी) ने जेल वार्डर व मैट्रन के 179 पदों पर भर्ती निकाली है। वार्डर के 175 पदों और मैट्रन के 4 पदों पर भर्ती निकली है। इच्छुक उम्मीदवार बोर्ड की वेबसाइट sssb.punjab.gov.in पर जाकर 29 जुलाई से 20 अगस्त 2024 शाम 5 बजे तक ऑनलाइन अप्लाई कर सकते हैं।

**आयु सीमा :** 18 वर्ष से 27 वर्ष। राज्य सरकार के नियमों के मुताबिक आरक्षित वर्गों को अधिकतम आयु सीमा में छूट मिलेगी।



**योग्यता :**

- जेल वार्डर वैकेंसी 2024 के लिए इच्छुक उम्मीदवार किसी मान्यता प्राप्त शैक्षणिक संस्थान से कक्षा 12वीं उत्तीर्ण होने चाहिए।
- मेट्रॉन के लिए मान्यता प्राप्त शैक्षणिक संस्थान से कक्षा 12वीं पास उम्मीदवार ।
- 12वीं उत्तीर्ण होने के साथ ही उम्मीदवार पंजाबी वैकल्पिक विषय के साथ 10वीं उत्तीर्ण होने चाहिए।

**पुरुष अभ्यर्थियों के लिए –**
**लंबाई :** 5 फीट 7 इंच
**छाती :** 33 - 34.5 इंच (फुलाकर)

**महिला अभ्यर्थियों के लिए**
लंबाई :- 5 फीट 3 इंच
वजन - 50 किलो

**फिजिकल फिटनेस टेस्ट**

**महिलाओं के लिए**
**रेल :** 100 मीटर की दौड़ 18.5 सेकंड में
**शॉट पुट :** 5.44 किलोग्राम 4 मीटर
**रोप क्लाइंब :** 12 फीट

**पुरुष अभ्यर्थियों के लिए**
**रेस :** 100 मीटर दौड़ 15 सेकंड में
**शॉट पुट :** 7.26 किलोग्राम 5.50 मीटर तक
रोप क्लाइंब : 15 फीट

**चयनः** लिखित परीक्षा, फिजिकल टेस्ट, डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन व मेडिकल

**फीस :** जनरल कैटेगरी/खिलाड़ी/सुतंत्रता संग्रामी -1000 रुपए, एससी/बीसी/आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग-250 रुपए, पूर्व फौजी और आरक्षित 200 रुपए।

## राशिफल

प्रियंका जैन

**मेष** पुराने संगी-साथी व रिश्तेदारों से मुलाकात होगी। नए मित्र बनेंगे। अच्छी खबर मिलेगी। प्रसन्नता रहेगी। कार्यों में गति आएगी। विवेक का प्रयोग करें। लाभ में वृद्धि होगी। मित्रों के सहयोग से किसी बड़ी समस्या का हल मिलेगा।

**वृष** मेहनत सफल रहेगी। बिगड़े काम बनेंगे। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। आय में वृद्धि होगी। सामाजिक कार्य करने के अवसर मिलेंगे। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे।

**मिथुन** लेन-देन में सावधानी रखें। किसी भी अपरिचित व्यक्ति पर अंधविश्वास न करें। शोक संदेश मिल सकता है। विवाद को बढ़ावा न दें। किसी के उकसाने में न आएं। व्यस्तता रहेगी। थकान व कमजोरी रहेगी।

**कर्क** मेहनत का फल पूरा नहीं मिलेगा। स्वास्थ्य खराब हो सकता है। बौद्धिक कार्य सफल रहेंगे। किसी प्रबुद्ध व्यक्ति का मार्गदर्शन मिल सकता है। यात्रा मनोरंजक रहेगी। पारिवारिक मांगलिक कार्य हो सकता है।

**सिंह** संपत्ति के बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं। प्रॉपर्टी ब्रोकर्स के लिए सुनहरा मौका साबित हो सकता है। भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। रोजगार में वृद्धि के योग हैं। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। आय में वृद्धि होगी।

**कन्या** शत्रुओं का पराभव होगा। राजकीय सहयोग प्राप्त होगा। वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्त हो सकता है। कारोबार से लाभ होगा। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। कोई बड़ा कार्य करने की योजना बन सकती है। कार्यसिद्धि होगी।

**तुला** वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग से हानि की आशंका है, सावधानी रखें। दूसरों के झगड़ों में हस्तक्षेप न करें। आवश्यक वस्तु समय पर नहीं मिलने से क्षोभ होगा। फालतू की बातों पर ध्यान न दें।

**वृश्चिक** तीर्थदर्शन हो सकता है। सत्संग का लाभ मिलेगा। राजकीय सहयोग से कार्य पूर्ण व लाभदायक रहेंगे। कारोबार मनोनुकूल रहेगा। शेयर मार्केट में जोखिम न लें। नौकरी में चैन रहेगा।

**धनु** आर्थिक उन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। कोई बड़ा कार्य कर पाएंगे। व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा। कार्य पूर्ण होंगे। प्रसन्नता रहेगी। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। भाग्य का साथ मिलेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जोखिम न लें। भाइयों का सहयोग मिलेगा।

**मकर** बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। लंबी यात्रा हो सकती है। लाभ होगा। नए अनुबंध हो सकते हैं। रोजगार में वृद्धि होगी। रुके कार्य पूर्ण होंगे। प्रसन्नता रहेगी। नौकरी में उच्चाधिकारी की प्रसन्नता प्राप्त होगी। प्रशंसा मिलेगी। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। प्रमाद न करें।

**कुंभ** व्ययवृद्धि से तनाव रहेगा। किसी व्यक्ति के उकसावे में न आएं। विवाद से बचें। पारिवारिक चिंता बनी रहेगी। काम में मन नहीं लगेगा। व्यापार ठीक चलेगा। आय होगी। विवेक का प्रयोग करें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें।

**मीन** रोजगार में वृद्धि होगी। व्यावसायिक यात्रा लाभदायक रहेगी। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। नवीन वस्त्राभूषण की प्राप्ति होगी। कोई बड़ा कार्य हो जाने से प्रसन्नता रहेगी। निवेश लाभदायक रहेगा।

# प्रॉपर्टी, प्रमोशन और पावर चाहिए तो 5 प्रभावशाली उपाय हर दिन आजमाएं

हर कोई प्रॉपर्टी बनाना और नौकरी में प्रमोशन चाहता है। दोनों को मिलाकर वह अपनी पावर बढ़ाना चाहता है ताकि समाज में उसका मान-सम्मान बढ़े। ऐसे में आजमाएं ज्योतिष के 5 प्रभावशाली उपाय।



**1. प्रमोशन :** हनुमानजी का उड़ता हुआ चित्र लगाएं और प्रतिदिन उनके समक्ष बैठकर हनुमान चालीसा का पाठ करें। इसी के साथ प्रतिदिन पक्षियों के लिए खुले स्थान या पार्क में दाना डालें।

**2. प्रॉपर्टी :** रोज सुबह स्नान कर गणेशजी को एक लाल फूल अवश्य चढ़ाएं। इसके अलावा शनि के मंदे कर्य न करते हुए उनके मंदिर में शनिवार को दीपक जलाएं।

**3. पावर :** प्रतिदिन योग और ध्यान करें और साथ ही अपने लक्ष्य पर फोकस करके उसका पीछा करें। योग करने से शारीरिक पावर, ध्यान करने से मानसिक पावर और लक्ष्य का पीछा करने से सांसारिक पावर एकत्रित होगी।




प्रियंका जैन
9769994439


**4. दान :** प्रतिदिन कुत्ते, गाय या कौवे को रोटी खिलाएं। चींटियों या मछलियों को दाना डालें। मंदिर में यथाशक्ति दान दें।

**5. जप :** आप निरंतर किसी शुभ मंत्र का या अपने ईस्टदेव के मंत्र का जप करें। कहते हैं कि मंत्र में है अकूत शक्ति।

दो बजे दोपहर



## खबर संक्षेप

### झारखंड के 12वें राज्यपाल बने बरेली के संतोष गंगवार

रांची। बरेली से आठ बार के सांसद रहे संतोष गंगवार ने बुधवार को झारखंड के 12वें राज्यपाल के तौर पर शपथ ली। रांची स्थित राजभवन में झारखंड उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश सुजीत नारायण प्रसाद ने उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। समारोह में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, विधानसभा के स्पीकर रबींद्रनाथ महतो, झारखंड सरकार के कई मंत्री, विभिन्न दलों के नेता, वरिष्ठ पुलिस-प्रशासनिक अधिकारी और गणमान्य लोग उपस्थित थे। राज्यपाल संतोष गंगवार के परिवारीजन एवं बरेली के कई शहरवासी भी गौरवपूर्ण पलों के साक्षी बने। शपथ लेने के पूर्व संतोष गंगवार ने बिरसा मुंडा स्मृति पार्क-सह-संग्रहालय जाकर धरतीआबा भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए।

### गाली-गलौज और मारपीट का केस दर्ज

**जमशेदपुर :** गोविंदपुर थाना क्षेत्र के घोड़ाबांधा के रहने वाले राज प्रसाद ने प्रमोद सिंह, प्रिंस और हैप्पी के खिलाफ गाली-गलौज, मारपीट और तोड़फोड़ करने का आरोप लगाते हुए केस दर्ज कराया है। पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। मामला जमीन विवाद से जुड़ा है। जमीन विवाद को लेकर 27 जुलाई को अभियुक्तों ने सीसीटीवी कैमरा समेत कई सामान क्षतिग्रस्त कर दिया था।

### आरोपी युवक के साथ अपहृत नाबालिग लड़की बरामद

सहारस। महिषी पिछले 12 जुलाई को जलई ओपी क्षेत्र के गंडोल चौक से तरही निवासी रमण कुमार की नाबालिग पुत्री रेशमी कुमारी का विद्यालय जाने के क्रम में अपहरण कर लिया गया था। रमण ने नहरवार पंचायत के बघौड़ निवासी अरुण सिंह की पत्नी रिंकू देवी व उसके दो पुत्र शिवम कुमार व रब्बी कुमार को नामजद बनाते अपहरण का मामला दर्ज कराया था। पुलिस अपहृत बालिका की बरामदगी के लिए लगातार प्रयास में लगी थी। मंगलवार को ओपी अध्यक्ष ज्ञान रंजन को लड़की के साथ आरोपी लड़का का अन्य प्रदेश जाने की सूचना मिली। कांड के अनुसंधानकर्ता एसआई अमित कुमार सदल बल दानापुर स्टेशन से अपहृत लड़की को बरामद कर आरोपी नामजद शिवम को गिरफ्तार कर थाना लायी। जहां से गिरफ्तार युवक को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। ओपी अध्यक्ष ज्ञान रंजन ने बताया कि लड़की का कोर्ट में बयान दर्ज कराने व निर्देश के आलोक में परिजनों को सौंप दिया जायेगा। आग से तीन घर जलकर राख, अनाज, वस्त्र, आभूषण सहित सभी उपयोगी सामान जले महिषी मुख्यालय पंचायत महिषी उत्तरी के वार्ड नंबर तीन सतरवार गांव में अज्ञात कारणों से लगी आग में तीन गृह स्वामियों का घर जलकर खाक हो गया।

# यूपी विधानसभा में गजब नजारा

## भाजपा विधायक ने अपनी ही सरकार को घेरा

एजेंसी । लखनऊ

यूपी विधानसभा में बुधवार को अजब नजारा दिखा। भाजपा विधायक हर्षवर्धन वाजपेयी ने नजूल भूमि विधेयक को लेकर अपनी ही सरकार पर सवाल उठा दिए। संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना ने जब उन्हें टोंका तो विपक्ष ने भी बयानबाजी की। वाजपेयी ने कहा कि आजादी के 75 साल पहले से सौ-सौ वर्षों से लोग यहां रह रहे हैं। पीएम मोदी लोगों को आवास देकर बसा रहे हैं आप उनके घर गिरा देंगे। उन्होंने कहा कि जो लोग नजूल भूमि पर पहले से रह रहे हैं उसको फ्री होल्ड किया जाए। उन्होंने कहा कि राजा भैया और सिद्धार्थ नाथ सिंह के घर के आसपास 100 मीटर के दायरे में लोग रहते हैं। अधिकारियों ने गलत फीडबैक दिया है।

### राजा भैया ने भी किया विरोध, बोले- ये कैसा विकास है



इस पर कुंडा से विधायक रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया ने सदन में कहा कि ये कौन सा विकास हो रहा है। लाखों लोगों को सड़क पर लाने की कोशिश की जा रही है। ये जानकारी किन अधिकारियों ने दी है। ये समझ से परे है। अगर अंग्रेज फ्री होल्ड कर सकते हैं तो ये जनहितकारी सरकार क्यों नहीं कर सकती है। उन्होंने कहा कि इलाहाबाद हाईकोर्ट भी नजूल की भूमि पर बना है। क्या इसे भी खाली करा देंगे। ये विधेयक प्रवर समिति को भेजा जाए। इस व्यवस्था से अव्यवस्था पैदा होगी। विधेयक के विरोध में सपा के सदस्य भी वेल में धरने पर बैठ गए।

- सपा विधायक विजमा यादव की सुरक्षा की सरकार ने ली गारंटी
- सपा के सदस्यों ने विजमा यादव के समर्थन में आकर वेल में नारेबाजी की। संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना ने उनकी सुरक्षा की समीक्षा करने का आश्वासन दिया।

### लो वोल्टेज और खराब ट्रांसफार्मर न बदले जाने पर सत्ता पक्ष-विपक्ष में नोकझोंक

यूपी विधानमंडल सत्र के तीसरे दिन सदन में बिजली आपूर्ति, लो वोल्टेज और ट्रांसफार्मर न बदले जाने को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच जमकर नोकझोंक हुई। विपक्ष के विधायक प्रभु नारायण सिंह ने सवाल उठाया कि प्रदेश में बिजली आपूर्ति बाधित हो रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में लो वोल्टेज एक समस्या है जिससे कि नलकूप तक नहीं चल पाते हैं किसानों को मुश्किल होती है। उन्होंने कहा कि कई बार मौसम खराब होने के कारण ट्रांसफार्मर खराब हो जाते हैं जो कि 15-15 दिनों तक नहीं बदले जाते हैं जबकि 72 घंटे में बदलने का प्रावधान है। इससे इस भीषण गर्मी में लोगों को मुश्किल का सामना करना पड़ता है।

# गला रेतकर किसान की हत्या

एजेंसी । जौनपुर



जौनपुर के महराजगंज थाना क्षेत्र के पूरा गंभीरशाह (सुलेमपुर) गांव में बीती रात घर से दूर बने नए घर के बरामदे में सो रहे किसान की अज्ञात हमलावरों ने धारदार हथियार से वारकर हत्या कर दी। घटना गला रेतकर की गई तो चेहरे को भी क्षत-विक्षत कर दिया। सुबह जब शौच के लिए छोटा भाई नए मकान की तरफ आया तो भाई का शव खून से लथपथ मिला। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौके पर एसपी डॉ. अजयपाल शर्मा ने पहुंचकर आरोपियों की 24 घंटे के अंदर जल्द गिरफ्तारी का आश्वासन दिया है। थाना क्षेत्र के पूरागंभीर शाह (सुलेमपुर) निवासी ओमप्रकाश मिश्रा (50) पुत्र स्व. राजपति रोजाना की तरह बीती रात साढ़े नौ बजे पुराने घर से खाना खाकर घर से थोड़े दूर खेत के पास बन रहे नए मकान पर अकेले सोने गए।

### खून सनी लाश देख छोटे भाई की निकली चीख

सुबह छोटा भाई सूर्यप्रकाश उर्फ रिंकू जब खेत में आया तो देखा कि बड़े भाई ओमप्रकाश की बरामदे में चारपाई पर गला रेतकर नृशंस हत्या कर दी गई। पूरा शरीर खून से लतपथ था। चिल्लाने पर आस-पास के ग्रामीण दौड़कर पहुंचे। घटना से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस जांच-पड़ताल कर रही है। घटना के बाद परिजन व गांव के लोग शव को पोस्टमार्टम के लिए ले जाने से मना कर रहे थे। पुलिस के समझाने के बाद किसी तरह शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण शैलेंद्र सिंह, क्षेत्राधिकारी अरविंद कुमार, बदलापुर थानाध्यक्ष रोहित कुमार मिश्रा पुलिस बल के साथ परिजन को समझाने बुझाने में जुटे रहे। चाचा कमलापति मिश्रा की तहरीर पर थाना में अज्ञात हमलावरों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया।

### छह माह पहले माता-पिता का बीमारी से हुआ था निधन

ओमप्रकाश के पिता राजपति की छह माह पहले बीमारी से तो मां बिंद्रा देवी की पांच माह पहले बीमारी से निधन हो गया था। घटना के बाद पत्नी रीता का रो-रोकर बुरा हाल है। इनकी तीन बेटियां हैं, जिसमें दो की शादी हो चुकी है। इसमें बड़ी बेटी श्वेता, दूसरी प्रिया की शादी हो चुकी है। सबसे छोटी बेटी रिया की शादी नहीं हो सकी है। मृतक तीन भाइयों में सबसे बड़ा था। इनसे छोटे भाई आजमगढ़ में पशु चिकित्साधिकारी के पद पर तैनात हैं तो सबसे छोटा भाई सूर्यप्रकाश सफाईकर्मी है।

# मुठभेड़ में बदमाश के पैर में लगी गोली, दूसरा फरार

### पिस्टल व कारतूस बरामद, आरोपी पर दर्ज हैं 12 मुकदमे

एजेंसी । जौनपुर



जौनपुर के तेजीबाजार थाना क्षेत्र के मैनुद्दीनपुर नहर पुलिया के पास बीती रात पुलिस मुठभेड़ में एक बदमाश के पैर में गोली लगी, जबकि दूसरा बदमाश भागने में सफल रहा। यह कार्रवाई तेजीबाजार, बदलापुर, बक्शा थाना की संयुक्त पुलिस टीम ने की। बताया जा रहा है कि उसके ऊपर कुल 12 मुकदमें दर्ज हैं। उसके पास से एक पिस्टल, कारतूस व खोखा व बाइक बरामद हुई। तेजीबाजार थाना क्षेत्र में मैनुद्दीनपुर नहर पुलिया के पास बीती रात डेढ़ बजे चेकिंग चल रही थी। इसी दौरान एक पल्सर पर दो बदमाश आते हुए दिखाई दिए, पुलिस ने रोकने का प्रयास किया। उन्होंने पुलिस बल के ऊपर फायरिंग शुरू कर दी तो जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश के बाएं पैर में गोली लग गई, जबकि उसका साथी फरार हो गया। घायल को पुलिस ने गिरफ्तार करके जिला अस्पताल भर्ती करवाया। गिरफ्तार बदमाश राहुल यादव निवासी सरौली थाना तेजीबाजार का रहने वाला है। इसके ऊपर अयोध्या में पांच, जौनपुर में छह, बस्ती में एक मुकदमें दर्ज हैं।

**क्या बोले अधिकारी ?** तेजीबाजार थाना क्षेत्र के नहर पुलिया के पास पुलिस मुठभेड़ में एक बदमाश के पैर में गोली लग गई, जबकि उसका साथी मौके से फरार हो गया। पकड़ा गए बदमाश के ऊपर 12 से अधिक मुकदमें दर्ज हैं। इसके पास से असलहा, कारतूस व बाइक बरामद की गई।

– शैलेंद्र सिंह, एडिशनल एसपी ग्रामीण।

# विधानसभा की कार्यवाही खत्म होने के बाद भी डटे रहे विपक्षी विधायक

एजेंसी । रांची

झारखंड विधानसभा का मानसून सत्र चल रहा है। बुधवार को सदन की कार्रवाई खत्म हो जाने के बाद भी विपक्षी विधायक सदन में डटे रहे। इस दौरान सदन की बिजली काट दी गई। जिस पर विपक्षी विधायक नाराज हो गए। वहीं विपक्षी विधायकों को मार्शलों ने घेर लिया। इसके बाद सीएम हेमंत सोरेन खुद विधायकों को मानाने के लिए विधानसभा जा रहे हैं। वहीं विधायकों ने सीएम से गुरुवार को सदन में रोजगार और बेरोजगारी भत्ते पर बयान देने की मांग की है।

### गुरुवार सुबह तक सदन स्थगित, फिर भी जमे रहे विपक्षी विधायक



विपक्ष के हंगामे के कारण झारखंड विधानसभा की कार्यवाही बुधवार को एक बार फिर से स्थगित कर दी गयी। अब गुरुवार सुबह 11 बजे सदन की कार्यवाही शुरू होगी। विधानसभा स्पीकर रवींद्रनाथ महतो ने कार्यवाही स्थगन की घोषणा करते हुए कहा कि मैं माननीय नेता प्रतिपक्ष के व्यवहार से आहत होकर इस कार्यवाही को बुधवार पूरे दिन के लिए स्थगित करता हूं। इसके बाद भी विपक्षी विधायक सदन में डटे रहे। सदन में विधायकों की मौजूदगी के बाद भी बिजली काट दी गई।

### पूरे मानसून सत्र के दौरान हुआ हंगामा

विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान विपक्ष ने कई मुद्दों पर सरकार को घेरा। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच कई बार वार-पलटवार हुआ और हंगामे के बाद सदन को स्थगित कर दिया गया। सत्र के शुरू होने के बाद से बीजेपी ने बांग्लादेशी मुसलमानों की घुसपैठ का मुद्दा उठाया। इसके बाद सदन के अंदर और बाहर भी हंगामा हुआ।

# महागामा एसडीओ गेट पर वामदलों का धरना जारी

एजेंसी । महागामा



बीते 24 मार्च को एसडीओ और राजमहल परियोजना पदाधिकारी के साथ हुए समझौता को अविलंब लागू करने सहित 18 सूत्री मांगों को लेकर महागामा एसडीओ कार्यालय गेट पर वामपंथियों का महाधरना तीसरे दिन भी जारी रहा। इस दौरान सीपीआइ, सीपीएम व भाकपा माले के नेताओं ने अनिश्चितकालीन महाधरना कार्यक्रम के दौरान किसानों और राजमहल परियोजना क्षेत्र के प्रभावित गांव तालझारी व नीमा के ग्रामीणों को संबोधित किया। इस दौरान किसानों व राजमहल परियोजना के प्रभावितों की समस्या को दूर करने की मांग को लेकर जोरदार नारेबाजी की गयी। वामपंथी नेताओं ने बताया कि तीन दिनों से धरना पर डटे रहने के बावजूद एसडीओ सुधि नहीं ले रहे हैं। अगर धरना पर बैठे लोगों की मांगों पर ध्यान नहीं दिया जाता है, तो और अधिक जोरदार आंदोलन किया जाएगा। धरना पर बैठे लोगों की मांगों में महागामा होते हुए पीरपैंती तक जाने वाली रेल लाइन को मेहरमा के शंकरपुर, पत्तीचक, पिरोजपुर, गोविंदपुर इटहरी गांव के बाहर से रेल लाइन ले जाने की गारंटी देने, महागामा प्रखंड के दर्वेचक शिव मंदिर से होते हुए कनककिता, सरभंगा, मोहनी व दिग्घी तक सिंचाई नाला का खुदाई कर पक्का नाला का निर्माण करने, भूविस्थापितों के प्रत्येक परिवार के नौजवान को अविलंब रोजगार देने की मांग शामिल है।




# मोबाइल रिचार्ज सस्ता करने की तैयारी

एजेंसी । नई दिल्ली



हाल ही में मोबाइल फोन की कॉल के शुल्क में बढ़ोतरी से करोड़ों लोगों को झटका लगा है। दूरसंचार कंपनियों ने अपने शुल्क में 25 फीसदी से ज्यादा की वृद्धि की है। इसके मद्देनजर भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण यानी ट्राई ने आम लोगों को राहत मुहैया कराने की दिशा में कवायद शुरू कर दी है। दूरसंचार नियामक का कहना है कि फोन कंपनियों के ग्राहक लगातार आरोप लगा रहे हैं कि जिन प्लान्स कि उन्हें जरूरत नहीं है, टेलीकॉम कंपनियों के द्वारा वही प्लान लेने के लिए उन्हें मजबूर किया जा रहा है। परामर्श पत्र में सुझाव मांगा गया है कि क्या दूरसंचार उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम में सुधार किए जाने की जरूरत है? इसके साथ ही साथ एक नया टैरिफ प्लान लॉन्च करने पर जोर दिया गया है। यह प्लान सिर्फ कॉल और एसएमएस करने की इजाजत देगा। इसमें इंटरनेट, ओटीटी जैसे फीचर नहीं उपलब्ध होंगे। मोबाइल रिचार्ज सस्ता करने के लिए दूरसंचार नियामक प्राधिकरण ने एक परामर्श पत्र जारी किया गया है जिसमें दूरसंचार उद्योग से संबंधित सभी भागीदारों से सिर्फ कॉलिंग और एसएमएस वाले प्लान जारी करने को लेकर सुझाव मांगा गया है। दूरसंचार नियामक ने टेलीकॉम कंज्यूमर प्रोटक्शन रेगुलेशन-2012 के तहत यह परामर्श पत्र जारी किया है। इसके द्वारा ट्राई ने इस मुद्दे पर प्रतिक्रिया मांगी है।

### कलर कोडिंग का प्रस्ताव

रिलायंस जियो, भारती एयरटेल और वोडाफोन आईडिया के साथ ही साथ देश की सरकारी टेलीकॉम कंपनी बीएसएनएल के ज्यादातर फोन शुल्क प्लान में कॉल और डाटा के साथ एसएमएस और ओटीटी के विकल्प दिए जाते हैं। ट्राई ने अपने परामर्श पत्र में टेलीकॉम ऑपरेटरों को वाउचर की कलर कोडिंग जारी करने का प्रस्ताव दिया गया है। ट्राई ने टेलीकॉम कंपनियों से यह सवाल किया है कि क्या डिजिटल माध्यम में कलर कोडिंग सही कदम होगा? इसके लिए सभी भागीदारों से 16 अगस्त 2024 तक अपनी प्रतिक्रिया देने के लिए कहा गया है। इसके बाद 23 अगस्त 2024 तक इसके खिलाफ प्रतिक्रिया जारी की जा सकती है।

### कॉल दरें दुनिया में सबसे कम : सिंधिया

दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बुधवार को लोकसभा में कहा कि भारत में अब 117 करोड़ मोबाइल कनेक्शन और 93 करोड़ इंटरनेट कनेक्शन हैं। उन्होंने कहा कि देश में कॉल दरें दुनिया में सबसे कम दरों में से एक हैं। सिंधिया ने कहा कि प्रति मिनट कॉल की लागत पहले 53 पैसे थी और अब यह घटकर सिर्फ 3 पैसे रह गई है, जो कि 93 प्रतिशत की कमी है। यह दुनिया में सबसे कम दरों में से एक है। उन्होंने कहा कि एक जीबी डेटा की कीमत 9.12 रुपये है, जो दुनिया में सबसे सस्ता है।

# सेंसेक्स-निफ्टी अपने नए उच्चतम स्तर पर

एजेंसी । मुंबई

धातु, बिजली और चुनिंदा वाहन कंपनियों के शेयरों में तेजी के बीच बुधवार को स्थानीय शेयर बाजार के दोनों मानक सूचकांक नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गए। बीएसई सेंसेक्स में 286 अंक की बढ़त रही जबकि एनएसई निफ्टी 94 अंक चढ़कर बंद हुआ।

फेडरल रिजर्व की अहम बैठक के पहले निफ्टी बढ़त लेने में सफल रहा और 25,000 अंक के स्तर के बेहद करीब पहुंच गया। इस बीच, बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण 5.45 लाख करोड़ रुपये बढ़कर 462.38 लाख करोड़ रुपये के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया।



### 81,741.34 अंक पर बंद

सेंसेक्स 285.94 अंक बढ़कर अपने अबतक के उच्चतम 81,741.34 अंक पर बंद हुआ। दिन में कारोबार के दौरान सेंसेक्स एक समय 372.64 अंक उछलकर 81,828.04 अंक के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंचा था। निफ्टी 93.85 अंक बढ़कर 24,951.15 अंक के सर्वकालिक उच्चस्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 127.3 अंक बढ़कर 24,969.35 अंक तक गया था।

### 25,000 के मनोवैज्ञानिक स्तर को पार करने का प्रयास कर रही निफ्टी

जानकारों ने कहा, निफ्टी 25,000 के मनोवैज्ञानिक स्तर को पार करने का प्रयास कर रहा है। जहां जून तिमाही में कंपनियों के कमजोर नतीजे और बढ़ा हुआ मूल्यांकन चुनौती दे रहा है वहीं इसे सकारात्मक वैश्विक रुझान और क्षेत्रों में बदलाव रफ्तार दे रहे हैं। मध्यम अवधि में अमेरिकी फेडरल रिजर्व और रिजर्व बैंक के ब्याज दर चक्र को सुगम बनाने की उम्मीदों से भी बाजार धारणा मजबूत हो रही है। निवेशकों को अब फेडरल रिजर्व की बैठक के नतीजों का इंतजार है। इससे पता चलेगा कि सितंबर में वह ब्याज दर कटौती को लेकर किस तरह का रुख अपना सकता है।

### ये रहे फायदे में

सेंसेक्स की कंपनियों में जेएसडब्ल्यू स्टील, एशियन पेंट्स, मारुति सुजुकी इंडिया, एनटीपीसी, अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकनॉमिक जोन, भारती एयरटेल, आईटीसी और टेक महिंद्रा प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। दूसरी तरफ रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा मोटर्स, इन्फोसिस, महिंद्रा एंड महिंद्रा, बजाज फाइनेंस और एक्सिस बैंक के शेयरों में गिरावट रही। व्यापक बाजार में बीएसई का मिडकैप सूचकांक 0.86 प्रतिशत बढ़कर बंद हुआ। हालांकि, स्मॉलकैप सूचकांक में 0.14 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। एशिया के अन्य बाजार बढ़त के साथ बंद हुए। यूरोप के अधिकांश बाजार बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। मंगलवार को अमेरिकी बाजार मिले-जुले रुख के साथ बंद हुए थे।

# सोना 350 रुपये मजबूत, चांदी में 1,100 रुपये का उछाल

एजेंसी । नई दिल्ली




घरेलू मांग तथा वैश्विक रुख से संकेत लेकर स्थानीय सर्राफा बाजार में बुधवार को सोने का भाव 350 रुपये की तेजी के साथ 71,950 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 71,600 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। दूसरी ओर चांदी की कीमत 1,100 रुपये के उछाल के साथ 85,600 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई। इसका पिछला बंद भाव 84,500 रुपये प्रति किलोग्राम था। जिंस बाजार के विशेषज्ञों का कहना है कि भारतीय बाजारों में सोने की मांग अधिक बनी हुई है, जो हाल ही में आयात शुल्क में कटौती और आगामी त्योहारी सीजन के कारण है।

# जीवन और स्वास्थ्य बीमा से हटाई जाए 18 प्रतिशत की जीएसटी

- केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने केंद्रीय वित्त मंत्री को लिखा पत्र
- भारतीय जीवन बीमा निगम कर्मचारी संघ के पत्र का दिया हवाला

एजेंसी । नई दिल्ली



जीवन और स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी के प्रीमियम पर 18 प्रतिशत माल एवं सेवा कर (जीएसटी) को हटाए जाने को लेकर केंद्रीय सड़क एवं परिवहन राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को पत्र लिखा है। पत्र में अनुरोध किया गया है कि प्राथमिकता के आधार पर विचार कर जीएसटी को हटाया जाना चाहिए। 28 जुलाई को लिखे गए पत्र में सड़क परिवहन मंत्री ने नागपुर मंडल के भारतीय जीवन बीमा निगम कर्मचारी संघ ने ज्ञापन का हवाला दिया है, जिसमें कर्मचारी संघ ने जीवन बीमा और स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी प्रीमियम पर जीएसटी हटाने सहित जीवन बीमा क्षेत्र के बारे में कई सुझाव और सिफारिशें की हैं। गडकरी ने लिखा है कि यूनियन द्वारा उठाया गया मुख्य मुद्दा जीवन और स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम पर 18 प्रतिशत की दर से जीएसटी लगाए जाने का है। जीवन और परिवार के स्वास्थ्य के लिए कराए गए बीमा पर जीएसटी लगाने का मतलब जीवन की अनश्चितिता से बचाव के दिए गए प्रीमियम पर कर लगाना है। नागपुर मंडल की कर्मचारी यूनियन का मानना है कि लोग जीवन बीमा पॉलिसी इसलिए खरीदते हैं, जिससे कि वह जीवन के अनश्चितिताओं के आगे भविष्य को ध्यान में रखकर कुछ सुरक्षा प्रदान कर सकें। ऐसे बीमा पर कोई कर नहीं लगना चाहिए। जीएसटी लगाने के कारण जीवन व स्वास्थ्य बीमा से जुड़े कारोबार का विस्तार प्रभावित हो रहा है। इसलिए जीएसटी को हटाया जाना चाहिए।

### बीमा क्षेत्र की जटिलताओं को किया जाए दूर

ध्यान रहे कि गडकरी नागपुर से सांसद भी है, जिस कारण से वहां की यूनियन ने उन्हें अपना मांग पत्र सौंपा। यूनियन ने पत्र में जीवन बीमा के माध्यम से बचत पर कर में भेदभाव, स्वास्थ बीमा प्रीमियम पर आयकर में कटौती और सरकारी क्षेत्र की साधारण बीमा कंपनियों के पुनर्गठन का भी मुद्दा उठाया है। मंत्री से अनुरोध किया है कि जीएसटी के कारण वृद्धि नागरिकों के समक्ष उत्पन्न होने वाली जटिलताओं जैसे मुद्दों पर प्राथमिकता से विचार करें।

## तीरंदाजी: दीपिका दो लगातार जीत के साथ अंतिम-16 में

एजेंसी । पेरिस

भारत की अनुभवी तीरंदाज दीपिका कुमारी ने लगातार दो मुकाबले जीतकर व्यक्तिगत वर्ग के प्री क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। उन्होंने पहले एस्तोनिया की रीना परनाट को रोमांचक शूटऑफ में 6-5 से हराया। इसके बाद नीदरलैंड्स की क्विंटी रोफेन को 6-2 से मात दी। अब उनका सामना जर्मनी की मिशेले क्रोपेन से होगा। कुछ दिन पहले भारतीय महिला तीरंदाजी टीम क्वार्टर फाइनल में नीदरलैंड्स से हार गई थी जिसमें दीपिका के प्रदर्शन की काफी आलोचना हुई थी।



### शूटऑफ में किए नौ अंक

दीपिका पहले मैच में पहला सेट जीतने में कामयाब रही लेकिन दूसरा हार गई। तीसरे में स्कोर बराबर था जबकि चौथा हार गई लेकिन पांचवें में बराबरी कर ली। इसके बाद मुकाबला शूटऑफ में गया जिसमें उन्होंने नौ और विरोधी ने आठ स्कोर किया।

### फिर आसान जीत

दूसरा मैच आसान रहा और उन्हें ज्यादा मेहनत नहीं करनी पड़ी। उन्होंने पहला सेट दो बार 10 और एक बार नौ स्कोर करके जीता। डच खिलाड़ी ने दूसरे सेट में वापसी की। तीसरे सेट में दीपिका ने एक बार खराब निशाना लगाकर सात स्कोर किया लेकिन फिर भी यह सेट जीता क्योंकि डच खिलाड़ी का पहला तीर एक भी अंक नहीं बना सका था। इसके बाद दीपिका ने चौथे सेट के आखिरी तीन तीर पर 10,9,9 स्कोर किया और उनकी विरोधी 7,6,10 ही स्कोर कर सकी।

## मुक्केबाजी: लवलीना दूसरे पदक से सिर्फ एक जीत दूर

एजेंसी । पेरिस

भारतीय मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन (75 किलो) लगातार दूसरे ओलंपिक पदक से सिर्फ एक जीत दूर हैं। लवलीना ने बुधवार को अपने पहले मुकाबले में नॉर्वे की सुन्निवा होफ्स्टाड को एकतरफा मुकाबले में 5-0 से पराजित कर क्वार्टर फाइनल का टिकट कटाया। लवलीना ने टोक्यो में 69 किलो वर्ग में कांस्य पदक जीता था।

### लांघनी होगी चीनी दीवार

लवलीना को पदक पक्का करने के लिए चार अगस्त का चीनी दीवार लांघनी होगी। उनका सामना शीर्ष वरीयता प्राप्त चीन की लि कियान से होगा। सेमीफाइनल में पहुंचने के साथ ही उनका कम से कम कांसा पक्का हो जाएगा। अगर ऐसा होता है तो वह ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय मुक्केबाज बन जाएंगी। कियान ने टोक्यो ओलंपिक में 75 किलो वर्ग में रजत और रियो में कांस्य पदक अपने नाम किया था।

### लवलीना के दमदार मुक्के



लवलीना ने अपने पहले दौर के मुकाबले में प्रतिद्वंद्वी मुक्केबाज से दूरी बनाकर जवाबी हमला किया जबकि नार्वे की खिलाड़ी उन्हें पकड़कर समय बर्बाद करने की कोशिश में दिख रही थी। भारतीय मुक्केबाज ने संयम बनाए रखा और सटीक मुक्के जड़कर अंक जुटाए। लवलीना को मुश्किल ड्रॉ मिला है। लेकिन इस चुस्त मुक्केबाज ने हमेशा की तरह चुनौतीपूर्ण मुकाबलों में बेहतर प्रदर्शन की क्षमता जारी रखी। उन्होंने टोक्यो ओलंपिक के क्वार्टर फाइनल में विश्व चैंपियन चेन निएन चिन को हराकर कांस्य पदक जीता था।

निशानेबाजी

## राजेश्वरी और श्रेयसी हारीं



एजेंसी । पेरिस

भारतीय महिला निशानेबाज राजेश्वरी कुमारी और श्रेयसी सिंह की जोड़ी ट्रैप निशानेबाजी स्पर्धा के फाइनल में जगह नहीं बना पाई। क्वालिफिकेशन राउंड में राजेश्वरी और श्रेयसी दोनों पांच राउंड के बाद कुल 113/125 के स्कोर के साथ क्रमशः 22वें और 23वें स्थान पर रहीं। इस बीच, तीसरे राउंड में राजेश्वरी का 25/25 एकमात्र मौका था। जब किसी भारतीय निशानेबाज ने पेरिस 2024 में महिलाओं की ट्रैप क्वालिफिकेशन स्पर्धा में परफैक्ट स्कोर दर्ज किया था।

## बैडमिंटन: लक्ष्य ने नंबर तीन क्रिस्टी को चौंकाया, सिंधु भी अंतिम-16 में

एजेंसी । पेरिस

पहली बार ओलंपिक में खेल रहे भारतीय शटलर लक्ष्य सेन बुधवार को दुनिया के तीसरे नंबर के खिलाड़ी इंडोनेशिया के जोनाथन क्रिस्टी को उलटफेर का शिकार बनाकर अंतिम-16 में पहुंच गए। दो बार की पदक विजेता पीवी सिंधु भी लगातार तीसरी बार प्री क्वार्टर में पहुंच गईं। विश्व चैंपियनशिप 2021 के कांस्य पदक विजेता अलमोड़ा के लक्ष्य ने ऑल इंग्लैंड और एशियाई चैंपियन क्रिस्टी को 50 मिनट में 21-18, 21-12 से मात दी।





लक्ष्य का सामना अब हमवतन एच एस प्रणय से हो सकता है जो आखिरी ग्रुप मैच में वियतनाम के ली डुक फाट से खेलेंगे। लक्ष्य के ग्रुप से गुआटेमाला के खिलाड़ी केविन कोर्डन के कोहनी की चोट के कारण प्रतियोगिता से हटने के बाद उनके सभी नतीजों को 'डिलीट' कर दिया गया। लक्ष्य ने रविवार को केविन कोर्डन को हराया था। ग्रुप एल में अब सिर्फ तीन खिलाड़ियों के बीच चुनौती बाकी थी जबकि पहले चार खिलाड़ी दावेदारी पेश कर रहे थे। इसलिए यह मुकाबला भी नॉकआउट की तरह ही था।

### सिंधु ने कूबा को 33 मिनट में हराया



सिंधु ने एस्टोनिया की क्रिस्टीन कूबा को मात्र 33 मिनट में 21-5, 21-10 से मात दी। इससे पहले उन्होंने ग्रुप एम के पिछले मैच में मालदीव की फातिमा अब्दुल रज्जाक को हराया था। सभी 16 ग्रुप से शीर्ष खिलाड़ी प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंचते हैं। जीत के बाद सिंधु ने कहा, मैं बहुत खुश हूं। ग्रुप में शीर्ष पर रहना जरूरी था। अब सामना ही बिंगजियाओ से होगा। इस जीत से मेरा आत्मविश्वास बढ़ेगा। अगले मुकाबले आसान नहीं होंगे लिहाजा मुझे शत प्रतिशत तैयार रहना होगा।

## सिमोना ने बिखेरी स्वर्णिम चमक

### नंबर गेम

- 5वां स्वर्ण पदक है यह सिमोना का ओलंपिक में। इसके अलावा उन्होंने एक रजत और दो कांस्य पदक भी जीते हैं
- 8वां पदक है यह बाइल्स का। ओलंपिक के इतिहास में वह अमेरिका की सबसे सफल जिम्नास्ट बन गईं। उन्होंने शैनन मिलर (7 पदक) को पीछे छोड़ा

- अमेरिका की जिम्नास्टिक टीम आठ साल बाद फिर चैंपियन बनीं
- 32 साल से लगातार महिला टीम जीत रही है पदक



एजेंसी । पेरिस

तीन बरस पहले टोक्यो में मानसिक स्वास्थ्य कारणों का हवाला देकर कई स्पर्धाओं के फाइनल से हटने वाली दिग्गज अमेरिकी जिम्नास्ट सिमोना बाइल्स ने पेरिस में अपने पहले ही मुकाबले में स्वर्णिम चमक बिखेरी। उन्होंने बुधवार देर रात जोर्डन चिलेस और सुनिसा ली के साथ मिलकर टीम स्पर्धा का पीला तमगा जीता। अमेरिकी टीम ने 171.296 स्कोर करके इटली को पछाड़ा। ब्राजील को कांस्य पदक मिला। अमेरिकी टीम पिछले 32 साल (1992 बार्सिलोना ओलंपिक) से लगातार पदक जीत रही है। यह उनका चौथा खिताब है। बाइल्स, जोर्डन और सुनिसा की तिकड़ी पहले भी ओलंपिक में पदक जीत चुकी हैं।

स्वप्निल 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस स्पर्धा के क्वालीफिकेशन में सातवें स्थान पर रहे, दो पदक अब तक निशानेबाज पेरिस में जीत चुके हैं

## फाइनल में पहुंच स्वप्निल ने जगाई पदक की उम्मीद

एजेंसी । शेटराउ

भारत के स्वप्निल कुसाले ने बुधवार को ओलंपिक में पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस के फाइनल में प्रवेश कर तीसरे पदक की उम्मीद जगा दी है। भारत ने अब तक दो कांस्य पदक जीते हैं। ये दोनों निशानेबाजों ने दिलाए हैं। मनु भाकर ने दस मीटर पिस्टल की व्यक्तिगत स्पर्धा के बाद सरबजोत के साथ मिलकर मिश्रित टीम स्पर्धा में भी पदक जीता है। कुसाले गुरुवार को पदक के लिए निशाना साधेंगे।



### सातवें स्थान पर रहे

महाराष्ट्र के कुसाले क्वालीफाइंग दौर में 590 (38 एक्स) का स्कोर करके सातवें स्थान पर रहे। शीर्ष आठ निशानेबाज ही फाइनल के लिए क्वालीफाई करते हैं। उन्होंने नीलिंग में 198 (99 और 99), प्रोन में 197 (98 और 99) और स्ट्रैंडिंग पोजिशन में 195 (98 और 97) स्कोर किया। चीन के लियू युकून 594 स्कोर करके शीर्ष पर रहे जो ओलंपिक क्वालीफिकेशन का रिकॉर्ड है। पिछले साल हांगझोउ एशियाई खेलों में इस स्पर्धा में कुसाले, ऐश्वर्य और अखिल श्योराण ने टीम वर्ग का स्वर्ण पदक जीता था।

### ऐश्वर्य फाइनल से चूके

ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर फाइनल में जगह बनाने से चूक गए। वह 589 (33 एक्स) का स्कोर कर 11वें स्थान पर रहे। उन्होंने नीलिंग में 197 (98, 99), प्रोन में 199 (100, 99) और स्ट्रैंडिंग पोजिशन में 193 (95, 98) स्कोर किया।

## बर्थडे गर्ल श्रीजा प्री क्वार्टर में



एजेंसी । पेरिस

श्रीजा अकुला ने सिंगापुर की जियान झेंग को कड़े मुकाबले में 4-2 से हराकर टेबल टेनिस स्पर्धा के प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। अपने 26वें जन्मदिन पर श्रीजा ने 51 मिनट तक चले मुकाबले में 9-11, 12-10, 11-4,11-5,10-12,12-10 से जीत दर्ज की। इससे पहले मनिका बत्रा भी अंतिम-16 में जगह बना चुकी हैं। भारतीय टेबल टेनिस के इतिहास में पहली बार दो खिलाड़ी प्री क्वार्टर में पहुंचीं। श्रीजा का सामना अब चीन की नंबर एक खिलाड़ी सुन यिंगशा से होगा।

### पिछड़ने के बाद वापसी

पहला गेम हारने के बाद श्रीजा ने दूसरा गेम जीतकर बराबरी की। दूसरे गेम में काफी गलतियां करने के बावजूद वह भाग्यशाली रही कि जीत सकी। इसके बाद उन्होंने जबर्दस्त खेल दिखाते हुए तीसरा और चौथा गेम भी जीत लिया। सिंगापुर की खिलाड़ी ने पांचवां गेम अपने नाम किया लेकिन श्रीजा ने छठे गेम में मैच जीत लिया। पिछले महीने अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ 24वीं विश्व रैंकिंग हासिल करने वाली श्रीजा ने मनिका को पछाड़कर भारत की शीर्ष महिला खिलाड़ी होने का श्रेय हासिल किया था। दो बार की राष्ट्रीय चैंपियन श्रीजा ने जून में लागोस में डब्ल्यूटीटी कंटेंडर एकल खिताब जीता था। उन्होंने 2022 बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में मिश्रित युगल में शरत कमल के साथ स्वर्ण पदक हासिल किया था।



## 'औरों में कहां दम था' की एडवांस बुकिंग शुरू

अजय देवगन और तब्बू की फिल्म 'औरों में कहां दम था' की रिलीज तारीख जैसे-जैसे नजदीक आ रही है, वैसे-वैसे दर्शकों के बीच इस फिल्म को लेकर उत्साह बढ़ता जा रहा है। यह फिल्म इस साल की बहुचर्चित फिल्मों में से एक है। नीरज पांडे के निर्देशन में बनी रही यह फिल्म 2 अगस्त, 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देने को तैयार है। इससे पहले अब 'औरों में कहां दम था' की एडवांस बुकिंग शुरू हो गई है।

### जिमी शेरगिल भी हैं फिल्म का हिस्सा

'औरों में कहां दम था' का नया पोस्टर भी सामने आ गया है, जिसमें अजय और तब्बू समेत तमाम सितारों की झलक दिख रही है। इस फिल्म में सई मांजरेकर और शांतनु माहेश्वरी की जोड़ी भी देखने को मिलेगी। जिमी शेरगिल भी इस फिल्म का हिस्सा हैं। बॉक्स ऑफिस पर इस फिल्म का सामान जाह्नवी कपूर और गुलशन देवैया की फिल्म 'उलझ' से होने वाला है। सुधांशु सरिया ने इस फिल्म का निर्देशन किया है।





## जरीन खान नहीं करेंगी शादी

अभिनेत्री जरीन खान भले ही फिल्मों में अपनी पहचान बनाने में नाकाम रही हों, लेकिन उनकी फैन फॉलोइंग अच्छी-खासी है और सोशल मीडिया पर वह अपने प्रशंसकों से जुड़ी रहती हैं। जरीन की खूबसूरती पर उनके प्रशंसक जान छिड़कते हैं। कुछ समय पहले उनका अभिनेता देवाशीष मिश्रा से नाम जुड़ा था। हालांकि, फिर उनकी राहें जुदा हो गईं। हाल ही में जरीन ने बताया कि वह शादी नहीं करना चाहतीं। उन्होंने इसके पीछे की वजह भी बताई।

### 'मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता'

भारती सिंह और हर्ष लिंबाचिया से अपनी शादी की योजना पर जरीन बोलीं, 'मुझे नहीं करनी कोई शादी। मेरी जिंदगी की यही सच्चाई है कि मैं कभी शादी नहीं करना चाहती। कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप इसे क्या कहते हैं। आजकल चीजें जिस तरह से हैं, शादी हुई और 3 महीने में छोड़ दिया। जिस तरह से लोग फोन पर खाना स्वाइप करके घर मंगा रहे हैं, उसी तरह से इंसान भी स्वाइप करके घर आ रहे हैं।'

### क्या जरीन पर शादी का दबाव डालते हैं माता-पिता?

इसके अलावा भारती ने उनसे पूछा कि क्या उनके माता-पिता की तरफ से उन पर शादी का दबाव है तो वह बोलीं, 'कोई दबाव नहीं है घरवालों का। दबाव तभी आता है जब मेरी मां शादी देखती है और कहती है, 'तुम भी कर लो शादी अब। वह कहती हैं घर पर लोग आते हैं। नाचते-गाते हैं, अच्छा लगता है।' अभिनेत्री बोलीं, 'मैं मां से कहती हूं कि ऐसे ही बुलाकर नचवा लो। मैं खुश अच्छी नहीं लग रही आपको?'

### जरीन को कैसा लड़का चाहिए?

जरीन बोली, 'बहुत अजीब जमाना चल रहा है। मुझे मेरे नाना-नानी, दादा-दादी की जो लव स्टोरी थी, वो चाहिए। वो मरते दम तक एक-दूसरे के साथ थे, ऐसा कोई शख्स मिलना आज के जमाने में मुश्किल है। मेरी रिश्तेदारी में रिश्ते मेरे पास आते होंगे तो पता नहीं, मेरे सामने तो अभी तक ऐसा कोई नहीं आया।'
जरीन ने इससे पहले एक इंटरव्यू में बताया था कि वह जिंदगीभर साथ रहने वाले रिश्ते पर भरोसा करती हैं।

## अल्लू अर्जुन की 'पुष्पा 2' का क्लाइमेक्स सीन हुआ लीक

अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना की फिल्म 'पुष्पा : द रूल' इस साल की बहुचर्चित फिल्मों में से एक है। यह फिल्म 2021 में आई 'पुष्पा : द राइज' की दूसरी किस्त है। फिल्म 'पुष्पा : द रूल' स्वतंत्रता दिवस के खास मौके पर यानी 15 अगस्त, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।



अब इस बीच अल्लू को बड़ा झटका लगा है। दरअसल, 'पुष्पा 2' का क्लाइमैक्स सीन सोशल मीडिया पर लीक हो गया है।

### वीडियो हो रहा वायरल

सामने आए वीडियो में खून से लथपथ एक शख्स केबल की तार से लटका हुआ दिखाई दे रहा है, जबकि अन्य लोग सेटअप में मदद करते हैं। हालांकि, रश्मिका या अल्लू इस वीडियो में नजर नहीं आ रहे हैं। इस फिल्म में फहद फासिल भी नजर आएंगे। फिल्म का निर्देशन सुकुमार कर रहे हैं। पहले भाग का निर्देशन भी उन्होंने ही किया था। 'पुष्पा 2' हिंदी समेत तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ के साथ बंगाली भाषा में भी रिलीज होगी।



## 'बदतमीज गिल' की रिलीज तारीख से उठा पर्दा

पिछले कुछ दिनों से वाणी कपूर अपनी आने वाली फिल्म 'खेल खेल में' को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। इस फिल्म में उनकी जोड़ी अक्षय कुमार के साथ बनी है। यह फिल्म 15 अगस्त, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसके बाद वाणी फिल्म 'बदतमीज गिल' के जरिए दर्शकों का मनोरंजन करती हुई नजर आएंगी। अपारशक्ति खुराना और परेश रावल भी इस फिल्म का हिस्सा हैं। अब 'बदतमीज गिल' की रिलीज तारीख से पर्दा उठ गया है। 'बदतमीज गिल' की शूटिंग खत्म हो चुकी है। फिल्म की शूटिंग महज 32 दिन में पूरी की गई है। यह फिल्म 29 नवंबर, 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देने को तैयार है। शीबा चड्ढा और मोनिका चौधरी ने भी इस फिल्म में अपनी अदाकारी का तड़का लगाया है।

## 'उलझ' को सेंसर बोर्ड से मिली हरी झंडी




जाह्नवी कपूर इन दिनों अपनी फिल्म 'उलझ' को लेकर चर्चा में हैं। यह फिल्म 2 अगस्त, 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देने को तैयार है। ताजा खबर है कि सेंसर बोर्ड ने 'उलझ' को 'U/A' सर्टिफिकेट देकर हरी झंडी दिखाई है। इसका मतलब इस फिल्म को हर उम्र के लोग देख सकते हैं, 12 साल से कम उम्र के बच्चों को किसी व्यस्क के साथ फिल्म देखनी होगी। सेंसर बोर्ड ने फिल्म में कुछ बदलाव करने के लिए कहा है। बॉलीवुड हंगामा की रिपोर्ट के मुताबिक, रिलीज से पहले CBFC (सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन) ने 'उलझ' में कई बदलाव करने का आदेश दिया है, जिसमें कुछ अपशब्द और हिंसक दृश्यों में बदलाव शामिल है। यह फिल्म 2 घंटे 14 मिनट लंबी है। जाह्नवी के अलावा रोशन मैथ्यू, गुलशन देवैया और आदिल हुसैन जैसे सितारे भी इस फिल्म में अपनी मौजूदगी दर्ज कराएंगे। 'उलझ' की एडवांस बुकिंग शुरू हो गई है।

न्यूज़ ब्रीफ

## लोकसभा में पेश किया गया भारतीय वायुयान विधेयक-2024

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सरकार ने भारतीय वायुयान विधेयक-2024 को लोकसभा में पेश कर दिया है। बुधवार को केंद्रीय विमानन मंत्री के. राम मोहन नायडू की तरफ से विधेयक को पेश किया गया जो 90 वर्ष पुराने वायुयान अधिनियम 1934 का स्थान लेगा। विधेयक में जहां विमानन क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए सिविल विमानन सुरक्षा ब्यूरो, सिविल विमानन महानिदेशालय और वायुयान दुर्घटना अन्वेषण ब्यूरो जैसे निकायों को अंतरराष्ट्रीय मानके के अनुसार विमानन क्षेत्र में ज्यादा अधिकार दिए जाने का प्रावधान है। विमानन मंत्री ने विधेयक पेश करते हुए कहा कि पहले के अधिनियम में कुछ भ्रम थे जिन्हें दूर करने के लिए विधेयक लाया गया है। इससे विमानन क्षेत्र में तेजी से विकास होगा। आत्मनिर्भर भारत के तहत विमानों के रखरखाव, मरम्मत से लेकर उड़ान सेवाओं से जुड़े नियमों को परिवर्तित करने के ज्यादा अधिकार होंगे। ऐसी कोई भी अवैध उड़ान जिससे जल, थल व वायु में किसी भी व्यक्ति को नुकसान पहुंचने की संभावना है। उसके लिए सख्ती से कार्रवाई करने और जुर्माना लगाने के प्रावधान भी किए हैं। हवाई अड्डे से सटे इलाकों में निर्माण, ढांच व वृक्ष लगाने व उनकी ऊंचाई को लेकर भी नियमों को ज्यादा विस्तृत किया गया है।

## माहौल हमारे पक्ष में है: सोनिया गांधी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने बुधवार को पार्टी नेताओं से कहा कि कुछ ही महीनों में 4 राज्यों- महाराष्ट्र, हरियाणा, झारखंड और जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव होने हैं। माहौल हमारे पक्ष में है। लोकसभा चुनाव में मिले जनता के समर्थन और भावनाओं को हमें बरकरार रखना है। सोनिया ने कहा कि हमें आत्मसंतुष्ट और अति आत्मविश्वासी नहीं बनना चाहिए। मैं यह कह सकती हूं कि यदि हम लोकसभा चुनावों की तरह ही 4 राज्यों के विधानसभा चुनाव में भी अच्छा प्रदर्शन करते हैं तो राष्ट्रीय राजनीति में भी बड़ा बदलाव आएगा। सोनिया गांधी पुराने संसद भवन के सेंट्रल हॉल (संविधान सदन) में कांग्रेस संसदीय दल की बैठक में बोल रही थीं। इस दौरान पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी समेत सभी सांसद मौजूद थे।

## बीजेडी सांसद ममता मोहंता का राज्यसभा से इस्तीफा

**नाह दिल्ली।** बीजू जनता दल की (BJD) राज्यसभा सांसद ममता मोहंता ने बुधवार (31 जुलाई) को सदन से इस्तीफा दे दिया। सभापति जगदीप धनखड़ ने सदन की कार्यवाही के दौरान यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ममता का इस्तीफा स्वीकार कर लिया गया है। ममता मोहंता अप्रैल 2020 को राज्यसभा की सदस्य बनी थीं।

## कोकीन छिपाकर ले जा रही थी विदेशी महिला, बेंगलुरु से गिरफ्तार

**बेंगलुरु।** डायरेक्ट्रेट ऑफ रेवन्यू इंटेलिजेंस ने बेंगलुरु एयरपोर्ट से बुधवार को शरीर के अंदर कोकीन के कैप्सूल छिपाकर ले जा रही नाइजीरियाई महिला को गिरफ्तार किया। पूछताछ में महिला ने बताया कि उसने करीब कीमत 10 करोड़ रुपए कीमत के कैप्सूल निगले हैं। उसके शरीर से कुल 57 कैप्सूल निकाले गए, जिनका वजन करीब 1 किलो था।

# दिल्ली हाईकोर्ट ने एमसीडी को जमकर लगाई फटकार

## दिल्ली कोचिंग हादसा अफसरों की मिलीभगत से हुआ : हाईकोर्ट

एजेंसी | नई दिल्ली




दिल्ली के राउ IAS कोचिंग के बेसमेंट में स्थित लाइब्रेरी में पानी भरने से 27 जुलाई को तीन स्टूडेंट्स की मौत हो गई थी। कुटुंब ट्रस्ट की याचिका पर दिल्ली हाईकोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस मनमोहन और जस्टिस तुषार राव की बेंच ने म्यूनिसिपल कॉर्पोरेशन ऑफ दिल्ली (MCD) को जमकर फटकार लगाई।

### सभी ब्लेम-गेम खेल रहे हैं

बेंच ने कहा- इस तरह की घटनाएं सिस्टम की नाकामी है। ये सब अफसरों की मिलीभगत से हुआ है। सभी ब्लेम-गेम खेल रहे हैं। किसी एक की जिम्मेदारी तय करनी होगी। MCD अधिकारियों से पूछो कि नाली कहां है तो नहीं बता पाएंगे, क्योंकि वे अपने AC ऑफिस से बाहर ही नहीं निकलते। जूनियर अफसरों को सस्पेंड करके कुछ नहीं होगा। कोर्ट ने MCD से गुरुवार यानी 1 अगस्त तक कार्रवाई की रिपोर्ट मांगी और कहा- अगर MCD ठीक से जांच नहीं कर पा रही है तो केस सेंट्रल एजेंसी को सौंप सकते हैं। 2 अगस्त को अगली सुनवाई करेंगे। MCD के डायरेक्टर भी उस दिन कोर्ट में हाजिर हों।

### याचिकाकर्ता की मांग- अवैध कोचिंग सेंटर्स पर कार्रवाई हो

याचिकाकर्ता कुटुंब ट्रस्ट की ओर से रुद्र विक्रम सिंह ने कहा- राजिंदर नगर की घटना नई नहीं है। पिछले साल मुखर्जी नगर और विवेक विहार के कोचिंग सेंटर में भी आग लगी थी। तब हाईकोर्ट ने अवैध कोचिंग सेंटरों को बंद करने का आदेश दिया था, लेकिन इस पर अमल नहीं हुआ।

एमसीडी का एक्शन

### राव कोचिंग सेंटर के गेट को बुलडोजर से किया ध्वस्त

ओल्ड राजेंद्र नगर कोचिंग हादसे के बाद एमसीडी की ताबड़तोड़ कार्रवाई जारी है। नगर निगम प्रशासन ने बुधवार को ओल्ड राजेंद्र नगर में स्थित राव कोचिंग सेंटर के गेट को बुलडोजर से गिरा दिया। निगम प्रशासन ने इस क्षेत्र में कई कोचिंग सेंटर की तरफ से बरसाती पानी की निकासी के लिए बनाए गए नालों को ढकते हुए, उसके ऊपर किए गए अवैध निर्माण को भी तोड़ दिया है। इसी तरह अन्य जगहों पर सीलिंग की कार्रवाई जारी है।

# अनुराग ठाकुर के बयान पर बवाल

## मोदी ने लिखा- अनुराग ठाकुर की लोकसभा स्पीच जरूर सुनें



एजेंसी | नई दिल्ली

संसद का मानसून सत्र चल रहा है। अनुराग ठाकुर के बजट पर दिए भाषण पर विवाद हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने X पर लिखा कि अनुराग ठाकुर की लोकसभा में दी गई स्पीच जरूर सुनें। इसमें तथ्यों और हास्य का परफेक्ट मिक्स है। यह भाषण INDI गठबंधन की गंदी राजनीति को उजागर करता है। मोदी के इस बयान को कांग्रेस ने संसदीय विशेषाधिकार का उल्लंघन, बेहद अपमानजनक और असंवैधानिक टिप्पणी करार दिया। कांग्रेस ने ये भी कहा कि अनुराग ठाकुर का भाषण दलितों, आदिवासियों और पिछड़ा वर्ग (OBC) को नीचा दिखाता है। अनुराग ठाकुर ने 30 जुलाई को लोकसभा में कहा था कि उनकी जाति का पता नहीं और वे जाति जनगणना की बात करते रहते हैं। अनुराग ने अपने बयान में किसी का नाम नहीं लिया था। विपक्ष ने आरोप लगाया था कि अनुराग ने राहुल गांधी के लिए ऐसा कहा। बयान को लोकसभा की कार्रवाई से हटा दिया गया है।

### कांग्रेस चन्नी ने पीएम मोदी के खिलाफ दिया विशेषाधिकार हनन का नोटिस

### जयराम रमेश ने लिखा- PM का जरूर सुनें कहना बेहद अपमानजनक

कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने X पर लिखा- नॉन-बायोलॉजिकल प्रधानमंत्री ने स्पीच के लिए लिखा- जरूर सुनें। यह बेहद अपमानजनक और असंवैधानिक है। पीएम में भाषण को शेयर भी किया। यह संसदीय विशेषाधिकार के उल्लंघन को बढ़ावा देने जैसा है। बयान को सभी पार्लियामेंट्री नॉर्म्स से हटा दिया गया है, लेकिन ये बयान एडिट होकर बाहर चल रहा हैं। संसद टीवी ने बिना एडिट की हुई स्पीच लगाई है। नॉन-बायोलॉजिकल प्रधानमंत्री वीडियो को शेयर और पब्लिकली तारीफ कर रहे हैं। वहीं, कांग्रेस सांसद और पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी ने पीएम के खिलाफ विशेषाधिकार प्रस्ताव लाने के लिए लोकसभा स्पीकर को नोटिस दिया। चन्नी ने कहा कि मैंने लोकसभा चलाने के नियम 222 के तहत प्रिविलेज मोशन लाने का प्रस्ताव दिया है। पीएम ने उस बयान को अपने सोशल मीडिया पर शेयर किया, जिसे सदन की कार्यवाही से हटा दिया गया है।

**खरगे ने भी पीएम के ट्वीट की निंदा की :** भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर की लोकसभा में की गई टिप्पणी और उस पर भाजपा नेताओं की प्रतिक्रिया पर राज्यसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा, संसद में किसी की जाति नहीं पूछी जाती। अनुराग ठाकुर जानबूझकर राहुल गांधी का अपमान करने के लिए ऐसा कहा। यह सही नहीं है। अनुराग ठाकुर अपरिपक्व हैं, लेकिन प्रधानमंत्री को ट्वीट करने की क्या जरूरत थी? मैं प्रधानमंत्री के ट्वीट की निंदा करता हूं।

# वायनाड में लैंडस्लाइड से अब तक 184 मौतें, 170 लापता

एजेंसी | वायनाड

वायनाड में सोमवार देर रात 2 बजे के बाद 4 घंटे के अंदर 4 लैंडस्लाइड हुईं। यहां मलबे में से डेडबॉडी निकालने का काम दूसरे दिन भी जारी है। केरल के वायनाड में तेज बारिश के बाद लैंडस्लाइड में मरने वालों की संख्या 184 हो गई हैं। 130 लोग अस्पताल में हैं, जबकि 170 से ज्यादा लोग अभी भी लापता हैं। लैंडस्लाइड सोमवार देर रात 2 बजे और 4 बजे के करीब मुंडक्कई, चूरलमाला, अट्टामाला और नूलपुझा गांवों में हुई थीं। इनमें घर, पुल, सड़कें और गाड़ियां बह गईं।

फॉलो अप खबर



### शाह बोले- केरल को एक हफ्ते पहले अलर्ट किया था, राज्य सरकार ने ध्यान ही नहीं दिया

गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को संसद में बताया- 23-24 जुलाई को ही केरल सरकार को अलर्ट किया गया था, सरकार समय रहते लोगों को हटाती तो इतना नुकसान नहीं होता।

**आर्मी, एयरफोर्स, NDRF, SDRF, पुलिस और डॉग स्क्वॉड की टीमें रेस्क्यू में जुटी :** आर्मी, एयरफोर्स, NDRF, SDRF, पुलिस और डॉग स्क्वॉड की टीमें रेस्क्यू में जुटी हैं। देर रात तक 1 हजार लोगों का रेस्क्यू किया गया, 3 हजार लोगों को रिहैब सेंटर में भेजा गया है। मौसम विभाग ने वायनाड के अलावा मलप्पुरम, कोझिकोड, कन्नूर और कासरगोड जिले में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। इससे रेस्क्यू ऑपरेशन में आज परेशानी हो सकती है।

# UPSC की चेयरमैन बनीं प्रीति सूदन

## मनोज सोनी के इस्तीफे के बाद हुई नियुक्ति, रक्षा मंत्रालय समेत कई विभागों में 37 साल का अनुभव



एजेंसी | नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने 30 जुलाई यानी मंगलवार को प्रीति सूदन को यूनियन पब्लिक सर्विस कमीशन (UPSC) का चैयरमैन नियुक्त किया। 1983 बैच की IAS अधिकारी प्रीति सूदन पूर्व केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव हैं। वे 1 अगस्त को पदभार संभालेंगीं।

### रक्षा मंत्रालय समेत कई विभागों में 37 साल का अनुभव

आंध्र प्रदेश कैडर की अधिकारी सूदन ने महिला एवं बाल विकास, रक्षा मंत्रालय और सार्वजनिक वितरण विभाग के सचिव के रूप में भी काम किया है। उन्हें प्रमुख बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ और आयुष्मान भारत मिशन में अहम योगदान के लिए जाना जाता है। इसके अलावा राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग, एलाइड हेल्थ प्रोफेशनल आयोग और ई-सिगरेट पर प्रतिबंध पर कानून बनाने का क्रेडिट भी उन्हें ही जाता है। उन्होंने तंबाकू नियंत्रण पर फ्रेमवर्क कन्वेंशन के लिए WHO के इंडिपेंडेंट पैनल के मेंबर के रूप में भी काम किया है। इसके अलावा, सूदन ने वर्ल्ड बैंक के साथ सलाहकार के रूप में काम कर चुकीं हैं। उन्होंने लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स (LSE) से इकोनॉमिक्स में mphil और सोशल पॉलिसी एंड प्लानिंग में MSc की डिग्री हासिल की है।

### पूजा खेडकर विवाद के बीच मनोज सोनी ने दिया इस्तीफा



प्रीति सूदन की नियुक्ति ऐसे समय में हो रही है, जब UPSC को पूजा खेडकर को लेकर विवाद का सामना करना पड़ रहा है। सूदन की पदोन्नति UPSC के अध्यक्ष महेश सोनी के अचानक इस्तीफे के बाद हुई है। सोनी ने हाल ही में व्यक्तिगत कारणों का हवाला देते हुए इस्तीफा दे दिया था। उन्होंने कहा है कि इस्तीफे के बाद सामाजिक और धार्मिक कामों पर ध्यान देंगे।

### राज्यसभा सांसद ने कहा- विवादों के बीच पद से हटाया गया



इस्तीफे की जानकारी आने के बाद मनोज सोनी ने कहा था कि उनका इस्तीफा ट्रेनी IAS पूजा खेडकर के विवादों और आरोपों से किसी भी तरह से जुड़ा नहीं है। वहीं, कांग्रेस लीडर और राज्यसभा सांसद जयराम रमेश ने चेयरमैन के इस्तीफे पर कहा है कि उन्हें UPSC से जुड़े विवादों के बीच पद से हटाया गया।

# 'रेलवे में हुआ जबरदस्त काम'

## भाजपा सांसद ने लोकसभा में की रेल मंत्रालय की तारीफ

एजेंसी | नई दिल्ली

गढ़वाल से भाजपा सांसद अनिल बलूनी ने बुधवार को पिछले दशक को भारतीय रेलवे के लिए 'स्वर्णिम काल' बताया। इस दौरान उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में जबरदस्त काम हुआ है। लोकसभा में रेल मंत्रालय की अनुदान मांगों पर बहस के दौरान बोलते हुए बलूनी ने कहा कि पिछले एक साल में 5,000 किलोमीटर रेलवे लाइनों का निर्माण किया गया है। रेलवे के इतिहास में यह अवधि अभूतपूर्व रही है।



### '5000 किलोमीटर रेल लाइन का हुआ निर्माण'

अनिल बलूनी ने आगे कहा, 'कई क्षेत्र जो केवल रेलगाड़ियों के बारे में सपने देखते थे, अब वहां रेल पहुंच गई है। हमारी रेलगाड़ियों की औसत गति अब 80 किलोमीटर प्रति घंटा है और पिछले साल ही 5000 किलोमीटर रेल लाइन का निर्माण किया गया है।'

### 'पिछले 10 साल भारतीय रेलवे के लिए स्वर्णिम काल'

बलूनी ने यूपीए सरकार की तुलना में बजट आवंटन में वृद्धि और वंदे भारत तथा जन शताब्दी ट्रेनों की शुरुआत का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा, पिछले 10 साल भारतीय रेलवे के लिए स्वर्णिम काल रहे हैं, जब इस क्षेत्र में जबरदस्त काम हुआ।

# साधना सक्सेना होंगी आर्मी मेडिकल सर्विस की पहली महिला डीजी

**नई दिल्ली।** लेफ्टिनेंट जनरल साधना सक्सेना नायर को बुधवार (31 जुलाई) को आर्मी की मेडिकल सर्विस का डायरेक्टर जनरल बनाया गया है। साधना 1 अगस्त से पदभार संभालते ही, इस पद पर काम करने वाली पहली महिला बन जाएंगी। पिछले साल अक्टूबर में वायुसेना में एयर मार्शल पद पर प्रमोट किए जाने के बाद साधना को हॉस्पिटल सर्विसेस (आर्म्ड फोर्सेज) की डायरेक्टर जनरल (DG) बनाया गया था। इस पद नियुक्त होने वाली भी वे पहली महिला अधिकारी थीं। साधना वायुसेना की दूसरी महिला मेडिकल ऑफिसर हैं, जो एयर मार्शल रैंक तक पहुंची हैं। इससे पहले साधना को एयर फोर्स ट्रेनिंग कमांड बेंगलुरु हेड क्वार्टर से दिल्ली प्रमोशनल ट्रांसफर किया गया था। वहीं उनके पति केपी नायर 2015 में इंस्पेक्शन एंड फ्लाइट सेफ्टी के DG पद से रिटायर हो चुके हैं। इस तरह साधना और केपी नायर एयर मार्शल रैंक तक पहुंचने वाले देश के पहले कपल हैं।

**एयर मार्शल रैंक तक पहुंचने वाली दूसरी महिला**

### एयर मार्शल रैंक की दूसरी महिला अफसर



साधना सक्सेना नायर के प्रमोशनल ट्रांसफर के बाद वो दूसरी महिला अधिकारी बनी थीं। जिन्होंने एयर मार्शल रैंक हासिल की है। उनसे पहले ये उपलब्धि एयर मार्शल पद्मा बंदोपाध्याय ने हासिल की। पद्मा ने 2002 में एयर मार्शल रैंक पर तैनात की गईं थीं। इसके अलावा थ्री-स्टार रैंक तक पहुंचने वाली नौसेना की सर्जन वाइस एडमिरल पुनिता अरोड़ा थीं, जो कि रिटायर हो चुकीं हैं।

### तीन पीढ़ियों का वायुसेना से संबंध

एयर मार्शल साधना सक्सेना नायर के परिवार का 3 पीढ़ियों से एयर फोर्स से संबंध है। साधना के पिता और भाई भी इंडियन एयर फोर्स में डॉक्टर थे। उनका बेटा वायु सेना में फाइटर पायलट (फ्लाइट लेफ्टिनेंट) पद पर तैनात है।

## राज्यपाल बने हरिभाऊ किसनराव बागड़े, लिया शपथ



**जयपुर।** राजस्थान के नए राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े ने बुधवार को राजभवन में आयोजित एक समारोह में शपथ ली। जोधपुर हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस मनिंद्र मोहन श्रीवास्तव ने उन्हें शपथ दिलाई। हरिभाऊ राज्य के 45वें राज्यपाल नियुक्त हुए हैं। वे महाराष्ट्र विधानसभा के अध्यक्ष भी रह चुके हैं।

आस्था | 4.71 लाख से ज्यादा लोग अब तक कर चुके हैं दर्शन

# अमरनाथ यात्रा में टूटा पिछले साल का रिकॉर्ड

एजेंसी | श्रीनगर

29 जून से शुरू हुई इस साल की पवित्र अमरनाथ यात्रा ने पिछले साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। पिछले साल 62 दिनों की पूरी यात्रा में 4.5 लाख लोगों ने बाबा के दर्शन किए थे लेकिन इस बार ये संख्या बढ़ गई है और यात्रा के पहले 32 दिनों में 4.71 लाख से ज्यादा श्रद्धालु अब तक बाबा बर्फानी के दर्शन कर चुके हैं। बता दें कि इस साल की अमरनाथ यात्रा में अभी करीब 19 दिन बाकी हैं, लेकिन दर्शन पर आने वाले भक्तों की संख्या में कोई कमी नहीं दिख रही है। यात्रा के आखिरी दिनों में भी प्रति दिन 2 हजार से ज्यादा भक्त अभी भी दर्शन करने के लिए गुफा पर चढ़ रहे हैं, जिससे ये उम्मीद लगाई जा रही है कि इस वर्ष पिछले सालों का अमरनाथ यात्रा का रिकॉर्ड टूट सकता है।



### दर्शन करने के लिए RFID कार्ड बनाने की होड़

सभी यात्री बाबा बर्फानी के दर्शन करने के लिए ट्रांज़िट कैंप में अपना RFID कार्ड बनाने के लिए लंबी लाइनों में खड़े दिख रहे हैं। इन भक्तों ने इंडिया टीवी से बात करते हुए कहा कि भले ही बाबा बर्फानी का शिवलिंग वक्त से पहले ही पिघल गया है, लेकिन आस्था और श्रद्धा में कोई कमी नहीं आई है। यही कारण है कि इस बार भक्तों की भीड़ के पुराने रिकॉर्ड भी टूट रहे हैं। अमरनाथ यात्रा पर मंडरा रहे आतंकी खतरे के बावजूद इतनी बड़ी संख्या में भक्तों का बाबा बर्फानी के दर्शन पर पहुंचना अमरनाथ साइन बोर्ड और सुरक्षा एजेंसियों की तरफ से किए गए इंतज़ाम का बेहतरीन उदाहरण है।

### इस वजह से बढ़ी दर्शन करने वाले भक्तों की संख्या

29 जून से शुरू हुई इस साल की पवित्र अमरनाथ यात्रा ने एक नया रिकॉर्ड बनाया है। इसका एक सबसे बड़ा कारण अच्छा मौसम और दूसरा अमरनाथ साइन बोर्ड और प्रशासन की तरफ से किए गए इंतजाम हैं। इससे यात्री इस बार बेहद उत्साहित दिख रहे हैं। यात्रा पर आने वाले भक्तों का मानना है कि इस बार सरकार की तरफ से पिछले सालों के मुकाबले में इंतजाम बेहद खास और बेहतर किए गए हैं। खासकर सुरक्षा के इंतजामों में कोई कमी नहीं दिख रही है, जिसे देखकर यात्रियों के हौसले बुलंद हैं।

# धर्म विशेष के लोगों के आर्थिक बहिष्कार की अपील का आरोप, अदालत ने दिया FIR दर्ज करने का आदेश

एजेंसी | गांधीनगर

गुजरात की एक अदालत ने लोगों के एक समूह के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया है। आरोप है कि इन लोगों ने बीते साल सांप्रदायिक हिंसा के बाद धर्म विशेष के लोगों के आर्थिक बहिष्कार की अपील की थी। इसके खिलाफ एक व्यक्ति ने अदालत का रुख किया और आर्थिक बहिष्कार की अपील करने वाले लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने की मांग की थी।

## याचिका पर अदालत ने दिया आदेश



न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी एचपी जोशी ने पाटन जिले के बलिसाना पुलिस स्टेशन को आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का निर्देश दिया। साथ ही मामले की जांच एक तय समय सीमा में पूरी करने का आदेश दिया। याचिकाकर्ता मकबूल हुसैन शेख ने दावा किया कि कुछ लोगों ने बलिसाना में बीते साल 16 जुलाई 2023 को हुए सांप्रदायिक दंगे की घटना का गलत इस्तेमाल किया और स्थानीय लोगों को धर्म विशेष के खिलाफ भड़काया और उनसे कोई सामान न खरीदने के साथ ही किराए पर दी दुकानों को खाली कराने के लिए उकसाया।

### याचिकाकर्ता ने पुलिस पर कार्रवाई न करने का लगाया आरोप

याचिकाकर्ता का आरोप है कि इस वजह से उनका व्यापार बुरी तरह प्रभावित हुआ और उनके समुदाय के कई लोगों को इस वजह से इलाका छोड़कर पलायन करना पड़ा। अदालत ने आरोपियों के खिलाफ दो समुदायों में दुश्मनी फैलाने और अफवाह फैलाकर तनाव बढ़ाने के आरोप में मामला दर्ज करने का निर्देश दिया। याचिकाकर्ता ने अदालत को ये भी बताया कि उसने जिला एसपी को भी सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए आपत्तिजनक वीडियो साझा किए थे, जिनमें धर्म विशेष के लोगों के आर्थिक बहिष्कार के लिए उकसाया गया था। हालांकि पुलिस ने इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं की, जिसके बाद उसने अदालत का रुख किया।